कटनी, भोपाल, मंडला, जबलपुर, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

शुभ धनतेरस

● वर्ष- 20 अंक 274 ● कटनी ● शुक्रवार, 6 नवम्बर, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2083

बेंगलुरू में खौफनाक सामूहिक हत्याकांड

कैब ड्राइवर ने पत्नी, सास समेत परिवार के सात लोगों को सिलबट्टे से मार डाला

दो दिन में एक-एक कर सात हत्याओं को दिया अंजाम, शव अलग-अलग जगह ठिकाने लगाने का आरोप



बेंगलूरू, एजेंसी। *कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में दिल दहला देने वाला सामूहिक हत्याकांड सामने आया है। यहां 45 वर्षीय कैब ड्राइवर शेखर उर्फ इंदुशेखर पर अपनी पत्नी, सास समेत परिवार के सात लोगों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने कथित तौर पर वैवाहिक विवाद और पत्नी के मायके पक्ष की दखलंदाजी से नाराज होकर इस खौफनाक वारदात की साजिश रची। आरोप है कि उसने दो दिनों के भीतर राजाजीनगर स्थित अपने घर में एक-एक कर सात लोगों को बुलाया और सिलबट्टे के पत्थर से उनकी हत्या कर दी। इसके बाद कुछ शवों को अलग-अलग स्थानों पर ठिकाने लगाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।*

पुलिस के मुताबिक, इस सामूहिक हत्याकांड में आरोपी की पत्नी सुनीता, सास रूपावती, साले शिवकुमार और शंकर, परिवार की बहुएं दिव्या और नलिनी तथा सात वर्षीय पुनीत की मौत हुई है। एक मासूम बच्चे की भी हत्या किए जाने से मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। पुनीत का शव चिक्कबल्लापुर जिले में नंदी हिल्स के पास बरामद किया गया। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने वारदात के बाद सबूत मिटाने और शवों को ठिकाने लगाने की कोशिश की। जांच में सामने आया है कि शेखर और सुनीता की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच वैवाहिक संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच जब भी झगड़ा होता था, सुनीता के परिवार के लोग हस्तक्षेप करते थे और उसका पक्ष लेते थे। पुलिस को संदेह है कि शेखर इसी बात को लेकर नाराज था और उसे लगता था कि पत्नी के मायके वाले उसकी पारिवारिक जिंदगी में दखल दे रहे हैं। इसी रंजिश में उसने कथित तौर पर पत्नी और उसके परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया। हालांकि, हत्याओं के पीछे की वास्तविक वजह और साजिश की पूरी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने अपने सालों शिवकुमार और शंकर को पार्टी देने के बहाने घर बुलाया था। आरोप है कि घर पहुंचने के बाद उसने दोनों की हत्या कर दी। इसी तरह सास रूपावती और परिवार की अन्य महिलाओं को भी अलग-अलग समय पर निशाना बनाया गया। जांचकर्ताओं को संदेह है कि आरोपी ने सबसे पहले अपनी पत्नी सुनीता की हत्या की और इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों की जान ली। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि सातों हत्याएं किस क्रम में और कितने समय के अंतराल में की गईं। इस खौफनाक वारदात का खुलासा परिवार की सदस्य नलिनी के लापता होने की शिकायत के बाद हुआ। काफी समय तक नलिनी का कोई पता नहीं चलने पर उसकी मां ने श्रीरामपुरा पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो शेखर पर संदेह गहराने लगा। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को कथित तौर पर परिवार के कई सदस्यों की हत्या में उसकी भूमिका के सुराग मिले। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच का दायरा बढ़ाया और सात लोगों की हत्या का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस शवों की बरामदगी, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और आरोपी के बयानों का मिलान कर रही है।

कुदरत का कहर, मौसम की मार

ओडिशा में भूस्खलन से 7 की मौत, 6 लापता यूपी के 20 शहरों में घना कोहरा, 5 ट्रेनें रद्द

नई दिल्ली। यशभारत। *देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कहीं चक्रवात के बाद भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित है, तो कहीं कोहरे और गिरते तापमान ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। ओडिशा के गंजाम जिले में चक्रवात अर्नब के बाद हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है, जबकि छह लोग अब भी लापता हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के 20 शहरों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और मिर्जापुर में पांच ट्रेनों को अगले तीन महीने के लिए रद्द कर दिया गया है। दूसरी ओर तमिलनाडु के 10 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है।*



ओडिशा के गंजाम जिले के पहाड़ी गांव में गुरुवार को भूस्खलन के बाद राहत एवं बचाव अभियान के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। इससे पहले दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। हादसे में अब तक सात लोगों की जान जा चुकी है, जबकि छह लोग लापता बताए जा रहे हैं। ये सभी लोग 28 अक्टूबर को आए चक्रवात अर्नब के बाद पहाड़ी क्षेत्र में हुए भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। लगातार मलबा हटाने और लापता लोगों की तलाश का काम जारी है। उत्तर प्रदेश में नवंबर की शुरुआत के साथ ही ठंड का असर बढ़ने लगा है। शुक्रवार सुबह राजधानी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, महराजगंज, श्रावस्ती, संभल समेत करीब 20 शहरों में कोहरे की चादर छाई रही। श्रावस्ती में दृश्यता घटकर 10 मीटर से भी कम रह गई, जबकि कई अन्य इलाकों में भी वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। मिर्जापुर में पांच ट्रेनों को अगले तीन महीने के लिए रद्द करने का फैसला लिया गया है। राज्य के 20 जिलों में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। हरदोई में रात सबसे ठंडी रही। तमिलनाडु में इसके उलट बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई समेत 10 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक 6 नवंबर की रात एक बजे तक इन जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। तिरुवरूर में लगातार दूसरे दिन तेज बारिश हुई। कई इलाकों में सड़कों पर करीब एक फीट तक पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। मध्य प्रदेश में भी रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में न्यूनतम तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। कई स्थानों पर पारा 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। भोपाल और इंदौर में रात की ठंड बढ़ने लगी है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

झारखंड में बेकाबू ट्रेलर का तांडव

9 लोगों को रौंदा, 7 की मौत

खूंटी, एजेंसी। *झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा में गुरुवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े लोगों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में दो परिवारों के सदस्य शामिल हैं। एक परिवार के चार लोगों की जान चली गई, जबकि दूसरे परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई है। घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।*



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कर्रा की कोशांबी कॉलोनी के पास एक स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसा था। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। कुछ लोग झाड़ियों में फंसे युवक को निकालने का प्रयास कर रहे थे, जबकि महिलाएं और बच्चे सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने वहां मौजूद लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए। हादसे में बिरसा नायक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी पत्नी कसीला देवी उर्फ जवंती, बेटी अंजली कुमारी और एक साल के नाती की मौत हो गई। बिरसा की दूसरी बेटी खुशबू गंभीर रूप से घायल है, जिसका सदर अस्पताल खूंटी में इलाज चल रहा है। वहीं, दूसरे परिवार के राजेश की मां कर्मी लोहराइन, पत्नी फगन संगा और बेटियां सुभानी व सोनी कुमारी की भी हादसे में जान चली गई। राजेश तीन दिन पहले ही मजदूरी के लिए गुजरात गए थे। उन्हें हादसे की सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रेलर चालक और खलासी की तलाश की जा रही है।

उमर सरकार पर संकट के बादल, 25 विधायकों ने दिया इस्तीफे का अल्टीमेटम

मांगें पूरी नहीं हुईं तो आज इस्तीफा दे सकते हैं बागी विधायक

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार पर संकट गहराता जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 नाराज विधायकों ने अपनी मांगें पूरी करने के लिए पार्टी नेतृत्व को अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनी तो वे सामूहिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं। इस घटनाक्रम से उमर सरकार के सामने बहुमत बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। शुक्रवार को श्रीनगर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की नाराज विधायकों के साथ अहम बैठक प्रस्तावित है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में समाधान नहीं निकलने की स्थिति में विधायक शुक्रवार को ही इस्तीफे का कदम उठा सकते हैं। नाराज विधायकों की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगमी को हटाना, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी से सड़क निर्माण विभाग वापस लेना अथवा उन्हें पद से हटाना और सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराना शामिल है।



विधायकों का कहना है कि सरकार और संगठन में उनकी मांगों तथा शिकायतों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है। इन मांगों को लेकर विधायकों ने 30 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच पांच गोपनीय बैठकें भी कीं। इन बैठकों में आगे की रणनीति और पार्टी नेतृत्व से बातचीत के विकल्पों पर विचार किया गया। इस बीच पार्टी को एक और बड़ा झटका श्रीनगर के सांसद आगा रूहुल्लाह मेहंदी के इस्तीफे से लगा है। उन्होंने मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ने की घोषणा की थी। अपने फैसले को आजादी का निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा था कि वे एक शहीद की विरासत और पाक खून की नस्ल का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा अब नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं हैं। गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके बाद उनकी सांसद सदस्यता भी समाप्त हो गई।

कैबिनेट विस्तार के बाद बढ़ी नाराजगी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर असंतोष की एक बड़ी वजह 27 अक्टूबर को हुआ कैबिनेट विस्तार भी माना जा रहा है। इस दौरान पार्टी के चार विधायकों अली मोहम्मद सागर, मीर सैफुल्लाह, शमीमा फिरदौस और अल्ताफ अहमद कल्लू को मंत्री बनाया गया था। वहीं निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया। विस्तार में कई वरिष्ठ विधायकों को जगह नहीं मिली, जिनमें नजीर अहमद गुरेजी और मुबारक गुल के नाम प्रमुख हैं। हालांकि बाद में मुबारक गुल को अली मोहम्मद सागर की जगह पार्टी का महासचिव नियुक्त किया गया। इसके बावजूद पार्टी के भीतर असंतोष पूरी तरह शांत नहीं हुआ।

चीन में लद्दाख सीमा के पास 5 तीव्रता का भूकंप, जम्मू-कश्मीर तक महसूस हुए झटके

नई दिल्ली,ईएमएस। चीन से लगी लद्दाख सीमा के पास गुरुवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.0 दर्ज की गई। रात 10 बजकर 26 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र चीन के शिनजियांग क्षेत्र में था, जो लेह-लद्दाख से करीब 167 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित है। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर तक महसूस किए गए। हालांकि, फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना सामने नहीं आई है।

पटना में 3 शूटर ढेर

20 मिनट चली मुठभेड़:पुलिस पर 24 राउंड फायरिंग



पटना, एजेंसी। पटना में शुक्रवार को पुलिस ने 3 अपराधियों का एनकाउंटर कर दिया। पटना स्स्ककार्तिकेय शर्मा ने बताया, सुबह करीब 4.30 बजे हुई मुठभेड़ में अपराधियों ने पुलिस पर 24 राउंड फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में राजा शर्मा, बबलू कुमार, जेपी यादव घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले तीनों की मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक, तीनों पेशेवर शूटर थे और सुपारी लेकर मर्डर करते थे।करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई। जवाब में पुलिस की ओर से 18 राउंड गोलियां चलाई गईं। मुठभेड़ में मनेर थाना के स।ह रजनीश कुमार भी जख्मी हुए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। घटना मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुर गंगा घाट के पास की है। मौके से एक देशी पिस्टल, दो देशी कट्टा बरामद हुआ है।मारे गए आरोपियों के परिजन अस्पताल में हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के साथ हाथापाई हुई है। पथराव किया गया है, गाड़ियों के शीशे फोड़े गए हैं। परिजन एनकाउंटर को गलत बता रहे हैं। माहौल तनावपूर्ण है। पुलिस-प्रशासन जवाब दो के नारे लगाए जा रहे हैं।

धनतेरस पर सोने की चमक फीकी

22 फीसदी टूटे दाम चांदी में भी 56 प्रतिशत की गिरावट



नई दिल्ली,यशभारत। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी को लेकर सर्राफा बाजार में खास उत्साह रहता है। भारतीय परिवारों में इस दिन कीमती धातुओं की खरीदारी को समृद्धि और मां लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक माना जाता है। हालांकि धनतेरस 2026 पर बाजार की तस्वीर कुछ अलग है। पिछले कुछ वर्षों में रिकॉर्ड तेजी दर्ज कराने वाले सोने और चांदी की कीमतों में इस साल बड़ी गिरावट देखने को मिली है। जनवरी 2026 में 1.80 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंचने के बाद सोना 22 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। इसी तरह चांदी भी अपने जनवरी के उच्चतम स्तर से 56 प्रतिशत से ज्यादा नीचे आ गई है। कीमतों में आई इस गिरावट ने उन खरीदारों और निवेशकों को राहत दी है, जो ऊंचे दामों के कारण अब तक खरीदारी से दूरी बनाए हुए थे।धनतेरस 2021 से धनतेरस 2026 के बीच सोने की कीमतों में करीब 192 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस तेज उछाल के बाद आई गिरावट ने बाजार में निवेश की रणनीति को लेकर नई बहस छेड़ दी है। अब सवाल यह है कि मौजूदा कीमतों पर सोना खरीदना कितना फायदेमंद है और निवेश के लिए आभूषण, गोल्ड ईटीएफ या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) में से कौन-सा विकल्प बेहतर साबित हो सकता है।धनतेरस के कारोबारी दिन सुबह बाजार खुलने के साथ ही कीमती धातुओं में नरमी का रुख रहा। घरेलू बाजार में सोने का भाव 1,820 रुपये यानी 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,42,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता रहा। वहीं चांदी की कीमत में 2,680 रुपये यानी 1.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और इसका भाव 1,84,860 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

अब घंटों का सफर होगा आसान, एमपी में बिछेगा 1,398 कि.मी. का एक्सप्रेस-वे जाल



5 नए कॉरिडोर से इन 10 शहरों को मिलेगा फायदा

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य सरकार 63,296 करोड़ रुपये की लागत से 1,398 किलोमीटर लंबे पांच नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित करने जा रही है। इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश के प्रमुख शहरों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा। भोपाल से मंदसौर, भोपाल से ग्वालियर, सागर से सतना, जबलपुर से आशापुर और कटनी से सिंगरौली तक बनने वाले ये कॉरिडोर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ेंगे। इससे न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने और प्रस्तावित कॉरिडोर की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास की जीवनरेखा हैं और सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है।

चार लेन के होंगे सभी पांच कॉरिडोर

बैठक में इन पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित सभी मार्ग चार लेन के एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर होंगे। इनमें पेव्ड शोल्डर की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे तेज रफ्तार यातायात के साथ सड़क सुरक्षा और वाहनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। परियोजनाओं में भोपाल-मंदसौर कॉरिडोर की लंबाई 258 किलोमीटर, सागर-सतना की 227 किलोमीटर, जबलपुर-आशापुर की 358 किलोमीटर, भोपाल-ग्वालियर की 320 किलोमीटर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर की लंबाई 235 किलोमीटर प्रस्तावित है। इस तरह कुल 1,398 किलोमीटर का नया सड़क नेटवर्क तैयार होगा।

भारत ने किया प्रलय क्रूज बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण, इसकी खूबी दुश्मन को करेगी परेशान



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने गुरुवार को ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलयज नामक क्रूज़-बैलिस्टिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार को सुबह लगभग 11.10 बजे इस बैलिस्टिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज द्वारा तैनात विभिन्न उपकरणों से मिले डेटा से पुष्टि हुई है कि परीक्षण के सभी लक्ष्य पूरे कर लिए गए हैं। इस मिसाइल को हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) और DRDO ने स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है। इसके विकास और उत्पादन में साझेदार रही भारत डायनामिक्स लिमिटेड ने इस सिस्टम का निर्माण किया है। यह उड़ान परीक्षण प्यूज़र इवैल्यूएशन ट्रायलज (उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण) के हिस्से के रूप में किया गया, जिसमें DRDO के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और रक्षा बलों के सदस्य मौजूद थे। इस सफल परीक्षण के बाद अब इस सिस्टम को सेना में शामिल किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए DRDO और सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों से लैस यह मिसाइल, उभरते खतरों के खिलाफ सेना की तकनीकी क्षमताओं और परिचालन तैयारियों को और मजबूत करेगी।

तीन पड़ोसी देशों के छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लिए भारत में अब वीजा अनिवार्य, पहले मिली थी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए छह गैर-मुस्लिम समुदायों के लोगों के लिए वीजा संबंधी नियमों में बदलाव किया है। अब इन देशों से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारत में रहने के लिए उचित श्रेणी का वीजा लेना अनिवार्य होगा। पहले इन्हें पासपोर्ट और वीजा की शर्तों से छूट दी गई थी।केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह बदलाव उन लोगों पर लागू होगा, जो धार्मिक उत्पीड़न या उसके डर से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए थे। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिनके पास भारत आने के समय वैध यात्रा दस्तावेज नहीं थे या जिनके दस्तावेज बाद में समाप्त हो गए। सितंबर 2025 में जारी आदेश के तहत इन छह समुदायों को पासपोर्ट और वीजा संबंधी शर्तों से राहत दी गई थी। नए आदेश के बाद भारत में उनके प्रवास के लिए निर्धारित श्रेणी का वीजा जरूरी होगा।



सीएए के अनुरूप किए गए नियम

गृह मंत्रालय ने नए बदलावों के जरिए आव्रजन नियमों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), 2019 के प्रावधानों के अनुरूप बनाने के साथ भारत, नेपाल और भूटान के बीच आवाजाही के नियमों को भी सख्त किया है। अब भारत से नेपाल या भूटान जाने वाले और वहां से भारत आने वाले नागरिकों को सरकार के निर्धारित वीजा मैनुअल के अनुसार मान्य पहचान दस्तावेज दिखाने होंगे।नए प्रावधानों के तहत यदि कोई भारतीय नागरिक नेपाल या भूटान के रास्ते किसी तीसरे देश की यात्रा करता है, तो उसके पास वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। उसे निर्धारित आव्रजन चेकपॉइंट से ही आवागमन करना होगा। इसी तरह नेपाल और भूटान के नागरिकों को भी यदि वे भारत, नेपाल और भूटान के अलावा किसी अन्य देश की यात्रा कर रहे हैं अथवा चीन, पाकिस्तान, हांगकांग या मकाऊ के रास्ते भारत आ रहे हैं, तो वैध पासपोर्ट और वीजा प्रस्तुत करना होगा।

मेडिकल डिवाइस से गंभीर नुकसान के मामले तीन गुना बढ़े, 2025 में 2,176 घटनाएं दर्ज

नई दिल्ली, यशभारत। *देश में मेडिकल डिवाइस के इस्तेमाल से मरीजों को होने वाले गंभीर नुकसान के मामलों में पिछले छह वर्षों में करीब तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2020 में ऐसे 808 मामले दर्ज किए गए थे, जो 2025 में बढ़कर 2,176 हो गए। वर्ष 2020 से अब तक कुल 9,373 गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। इन आंकड़ों का पहली बार सूचना का अधिकार (आरटीआई) के जरिए खुलासा हुआ है।*



एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के बाद इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (आईपीसी) ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। केंद्रीय सूचना आयुक्त जया वर्मा सिन्हा ने 10 सितंबर को आदेश जारी कर गंभीर घटनाओं का ब्योरा देने के निर्देश दिए थे। गंभीर घटनाओं में मरीज की जान को खतरा, लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने या स्थायी शारीरिक नुकसान जैसी स्थितियां शामिल हैं। आईपीसी देशभर के 775 निगरानी केंद्रों से मेडिकल डिवाइस के इस्तेमाल के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं की जानकारी जुटाता है। इसके बावजूद शिकायतों और नियामकीय कार्रवाई के बीच बड़ा अंतर सामने आया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 14,584 घटनाएं दर्ज हुईं, लेकिन इनमें से केवल 22 मामले आगे की कार्रवाई के लिए सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन को भेजे गए।

कैमोर में 10 लाख टन एस्बेस्टस युक्त कचरे का मामला, केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी

ब्रिटिश कंपनी की जहरीली विरासत पर हाईकोर्ट सख्त

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश के कटनी जिले के कैमोर नगर में दशकों से फैले एस्बेस्टस (खतरनाक रेशेदार खनिज) युक्त औद्योगिक कचरे और उससे उत्पन्न गंभीर जनस्वास्थ्य संकट को लेकर माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने इस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार सहित सभी संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह जनहित याचिका क्षेत्रवासियों के जीवन, स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के अधिकारों की रक्षा के लिए समाजसेवी श्री आशुतोष मनु दीक्षित और कैमोर निवासी श्री गणेश राव द्वारा दायर की गई है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आर्यन उर्मलिया ने पैरवी की।



याचिका में उठाई गईं प्रमुख मांगें

कैमोर व आसपास के क्षेत्र में मिट्टी और हवा के नमूनों की स्वतंत्र व व्यापक वैज्ञानिक जांच कराई जाए ताकि प्रदूषण के वास्तविक स्तर का पता चल सके। प्रभावित कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच हो, तथा बीमार व्यक्तियों को समुचित चिकित्सा, उपचार और नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाए। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार संस्थाओं की पहचान कर दूषित कचरे के सुरक्षित वैज्ञानिक निस्तारण और पर्यावरणीय पुनर्स्थापन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। याचिका में 'टर्नर एंड न्यूऑल पीएलसी' और बेल्जियम की कंपनी 'इंटेक्स' से जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रम के साथ-साथ वर्तमान में फैक्ट्री का स्वामित्व 'एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के पास होने का उल्लेख किया गया है। याचिका में यह अहम सवाल उठाया गया है कि कंपनियों के स्वामित्व बदलने मात्र से ऐतिहासिक रूप से छोड़े गए जहरीले कचरे और स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता।

10 लाख टन जहरीले कचरे और गंभीर बीमारियों का खतरा

याचिका में आरोप लगाया गया है कि ब्रिटिश कंपनी 'टर्नर एंड न्यूऑल पीएलसी' द्वारा वर्ष 1934 में कैमोर में स्थापित एस्बेस्टस फैक्ट्री से निकले खतरनाक अपशिष्ट का वर्षों तक खुले में निस्तारण किया गया। इसके परिणामस्वरूप कैमोर के आवासीय इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर एस्बेस्टस युक्त कचरे के मौजूद होने की गंभीर आशंका है।

पर्यावरणीय अध्ययनों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों

विशेषकर कनाडाई पर्यावरणीय संस्था ईसीओएच का हवाला देते हुए याचिका में बताया गया है कि कैमोर के आसपास लगभग 10 लाख टन एस्बेस्टस से दूषित मिट्टी होने का अनुमान है। साथ ही, लगभग 5.65 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एस्बेस्टस प्रदूषण फैला हुआ है, जिससे हजारों लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है।एस्बेस्टस के अत्यंत सूक्ष्म रेशे हवा के जरिए मानव शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इसके संपर्क में आने से एस्बेस्टोसिस, फेफड़ों का कैंसर और मेसोथेलियोमा जैसी जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। याचिका में विभिन्न चिकित्सा शिविरों और जांच रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया गया है कि कैमोर में वर्ष 2013 से मेडिकल कैंपों के माध्यम से एस्बेस्टस जनित बीमारियों से प्रभावित लोगों की पहचान की जा रही है। सैकड़ों प्रभावित व्यक्तियों के मेडिकल रिकॉर्ड और मुआवजे से जुड़े दस्तावेज भी याचिका का हिस्सा हैं। याचिकाकर्ताओं ने इन सभी रिकॉर्डों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

बड़वारा के 27 गांवों में अवैध शराब सप्लाई का आरोप, महिलाओं ने खोला मोर्चा

विलायत कला और नन्हवारा सेझा में पैकारी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन

कटनी,यशभारत। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की बिक्री और पैकारी को लेकर विरोध बढ़ने लगा है। विलायत कला सहित आसपास के 27 गांवों में शराब की अवैध सप्लाई होने का आरोप लगाते हुए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस के साथ आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।



5 नवंबर को ग्राम विलायत कला के ग्रामीणों और महिलाओं ने जय सूर्यवंशी के नेतृत्व में बड़वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोप लगाया गया कि गांव की मुख्य शराब दुकान की आड़ में आसपास के गांवों तक अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है। विरोध करने पर महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट की धमकियां दिए जाने की शिकायत भी की गई। ग्रामीणों ने अवैध पैकारी पर छापामार कार्रवाई और महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग की है। इसी तरह 3 नवंबर को ग्राम नन्हवारा (सेझा) की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब निर्माण और बिक्री की शिकायत की। उनका आरोप है कि एक माह से शिकायतें देने और नामजद लोगों की जानकारी उपलब्ध कराने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शराब कारोबार का विरोध करने वाली महिलाओं को धमकियां मिलने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। ग्रामीणों ने 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी है। अब सवाल यह है कि पुलिस और आबकारी विभाग इन शिकायतों की जांच कर क्या कार्रवाई करते हैं। दोनों मामलों में विभागों का आधिकारिक पक्ष सामने आना भी जरूरी है।



30 हजार रुपए के गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कटनी, यशभारत । कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 620 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 30,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी अनिमेष द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में 15 दिवसीय राज्य स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम धनतेरस और दीपावली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग कर रही थी।

घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

चेकिंग के दौरान 5 नवंबर 2026 को पुलिस टीम को गाटरघाट पुल के पास एक व्यक्ति दीवार की आड़ में संदिग्ध स्थिति में बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस को आते देख वह थैला लेकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दबोच लिया।

यादव गैस एजेंसी के दो ठिकानों पर छापा

100 सिलिंडर और वाहन जब्त, अवैध गोदाम सील

कटनी, यशभारत । त्योहार के सीजन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और एलपीजी गैस सिलिंडरों के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बरगवां क्षेत्र में संचालित 'यादव गैस एजेंसी' के दो ठिकानों पर औचक दबिश दी। इस बड़ी कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से डंप किए गए वाहन समेत 100 खाली और भरे हुए गैस सिलिंडर जब्त किए गए, साथ ही एक अवैध गोदाम को सील कर दिया गया।



क्या है पूरा मामला?

प्रशासनिक अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरगवां क्षेत्र में संदीप यादव की यादव गैस एजेंसी द्वारा कॉफी हाउस के पीछे खदान के पास अवैध रूप से गैस सिलिंडरों का भंडारण (डंपिंग) किया जा रहा है और यहीं से बिना अनुमति के व्यावसायिक व घरेलू सिलिंडरों की सप्लाई की जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक और पुलिस बल की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित स्थान पर गैस सिलिंडरों के भंडारण और वितरण से जुड़े आवश्यक लाइसेंस या वैधानिक स्वीकृतियां नहीं ली गई थीं। अनियमितता पाए जाने पर टीम ने मौके से वाहन और 100 गैस सिलिंडर (खाली और भरे हुए) अपने कब्जे में ले लिए।

दूसरा ठिकाना भी सील

पहली कार्रवाई के बाद संयुक्त टीम बारडोली कॉलेज के पीछे दानव बाबा के पास स्थित दूसरे गोदाम की जांच करने पहुँची। यहाँ भी भारी मात्रा में वाहन और गैस सिलिंडर रखे हुए पाए गए। हालांकि, प्रशासनिक कार्रवाई की भनक लगते ही एजेंसी संचालक मौके से फरार हो गया और जांच के समय उपस्थित नहीं मिला। अधिकारियों ने इस दूसरे गोदाम को भी अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर सील कर दिया।

कार्रवाई में शामिल प्रमुख अधिकारी

इस पूरी संयुक्त और ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में तहसीलदार आकाश नीरज, खाद्य निरीक्षक सुनील किरार, यज्ञदत्त त्रिपाठी, नागेश्वर श्रीवास सहित रंगनाथ नगर थाने का पुलिस बल प्रमुख रूप से मौजूद रहा। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध गैस कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन में आम जनता की सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह की जांच और छापामार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।



स्कूल में सजा आस्था और रचनात्मकता का आंगन

विद्यार्थियों ने रंगोली के जरिए दिया पर्व का संदेश

कटनी,यशभारत। दीपावली की खुशियां बांटने के लिए जरूरी नहीं कि उत्सव घरों तक ही सीमित रहे। कुछ ऐसा ही नजारा रीठी के सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला, जहां दीपावली अवकाश से पहले विद्यार्थियों ने अपनी कला और कल्पनाशीलता से विद्यालय परिसर को रंगों से सजा दिया।छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगों से आकर्षक रंगोली बनाकर मां सरस्वती के मंदिर को सजाया। इस गतिविधि में शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों ने भी सहभागिता निभाई। प्राचार्य राम मनोज साहू के निर्देशन में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से पर्व की खुशियां साझा कीं। पढ़ाई के नियमित माहौल के बीच रंगों और रचनात्मकता से सजे इस आयोजन ने विद्यालय में दीपावली का उत्सवी वातावरण बना दिया।

चांदमारी मोहल्ले को मिलेगी पक्की सड़क की सौगात

कीचड़ भरे रास्तों से मिलेगी मुक्ति विधायक ने किया भूमिपूजन

पन्ना,यशभारत। नगर के वार्ड क्रमांक 27 स्थित चांदमारी मोहल्ले के रहवासियों का बरसों पुराना इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। लंबे समय से कच्चे और जर्जर रास्तों से आवागमन करने को मजबूर आदिवासी बस्ती के लोगों को अब पक्के पहुंच मार्ग की सौगात मिलने जा रही है।



दरअसल, चांदमारी मोहल्ले में वर्षों से पक्की सड़क नहीं होने के कारण रहवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते थे, जिससे लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता था। मोहल्ले के रहवासी लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे।इसी मांग को गंभीरता से लेते हुए पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने आज चांदमारी मोहल्ले पहुंचकर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस सड़क के निर्माण से मोहल्ले के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे, नगर पालिका सीएमओ उमाशंकर मिश्रा, वार्ड क्रमांक 27 की पार्षद ओपु मजूमदार, सामाजिक कार्यकर्ता कोमल सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों? - इंटक, अनुच्छेद 14 के उल्लंघन का आरोप

बायोमेट्रिक हाजिरी में यूनियन नेताओं को छूट?

कटनी, यशभारत। आयुध निर्माणी कटनी में लागू नई बायोमेट्रिक (फेस रिकग्निशन) उपस्थिति व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कर्मचारियों के लिए फेस पंजीकरण और बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य किए जाने के बीच कुछ यूनियन नेताओं को इससे छूट दिए जाने पर आयुध निर्माणी कर्मचारी यूनियन (इंटक) ने सवाल उठाए हैं। यूनियन ने इसे कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार बताते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार की भावना के विपरीत बताया है।



यूनियन के अनुसार, प्रबंधन ने लगभग एक माह पूर्व पुरानी पंचिंग व्यवस्था समाप्त कर नई फेस रिकग्निशन प्रणाली लागू की थी। इसके बाद लगभग सभी कर्मचारियों ने अपना फेस पंजीकरण कराकर प्रबंधन के निर्देशों का पालन किया। लेकिन निर्माणी की विभिन्न प्रमुख यूनियनों के शीर्ष नेताओं ने न तो अपना फेस पंजीकरण कराया और न ही इसके विरोध में औपचारिक बहिष्कार किया। इसके बावजूद प्रबंधन ने परिपत्र जारी कर इन नेताओं को बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता से छूट दे दी।

इस निर्णय के विरोध में आयुध निर्माणी कर्मचारी यूनियन (इंटक) ने श्री रजनीश शर्मा के नेतृत्व में 5 नवंबर को प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने सवाल उठाया कि जब एक ही प्रतिष्ठान में कार्यरत सभी कर्मचारियों पर समान सेवा शर्तें और उपस्थिति संबंधी नियम लागू होते हैं, तो चुनिंदा व्यक्तियों को विशेष छूट देने का आधार क्या है?

सभी के लिए एक समान नियम लागू हों

इंटक का कहना है कि यदि बायोमेट्रिक व्यवस्था प्रशासनिक और अनुशासनात्मक दृष्टि से आवश्यक है, तो इसे सभी पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। किसी पद, प्रभाव या संगठनात्मक हैसियत के आधार पर विशेष छूट देना कर्मचारियों के बीच असमानता और असंतोष पैदा कर सकता है। इससे प्रबंधन की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते हैं।यूनियन ने ज्ञापन में मांग की है कि प्रबंधन अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और सभी कर्मचारियों के लिए समान उपस्थिति नीति लागू करे। यूनियन ने स्पष्ट किया कि उसका विरोध किसी व्यक्ति विशेष को मिलने वाली सुविधा से नहीं, बल्कि समान परिस्थितियों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अपनाए जा रहे कथित दोहरे मापदंड से है। इंटक यूनियन ने प्रबंधन से पारदर्शिता, निष्पक्षता और समानता के संवैधानिक सिद्धांतों का सम्मान करते हुए उचित निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में भेदभावपूर्ण व्यवस्था समाप्त कर समान नीति लागू नहीं की गई, तो यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव

तृतीय दिवस सांस्कृतिक विधा की प्रतियोगिताएँ आयोजित

कटनी, यशभारत। छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने, उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक अभिरुचियों को प्रोत्साहित करने तथा उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में अंतर कक्षा महाविद्यालयीन युवा उत्सव सत्र 2026-27 के तृतीय दिवस सांस्कृतिक विधा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया।सांस्कृतिक विधा के अंतर्गत छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की नृत्य, गायन एवं अभिनय आधारित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, एकल गायन, समूह गायन, पाश्चात्य एकल गायन, पाश्चात्य समूह गायन, एकांकी, स्किट, माइम एवं मिमिक्री प्रतियोगिताएँ प्रमुख रहीं। छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।





फर्जी सिम मामले में फरार आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

साइबर ठगी से जुड़े मामले में पुलिस को मिली सफलता

देश के विभिन्न राज्यों में फैला फर्जी सिम नेटवर्क का जाल



कटनी, यशभारत। फर्जी सिम कार्ड के जरिए देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी से जुड़े मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घटना दिनांक से फरार चल रहे आरोपी नवीन माखीजा को इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को माधवनगर थाना लाकर विधिवत गिरफ्तारी की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। माधवनगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से संदिग्ध पीओएस धारकों, एजेंटों और फर्जी सिम उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके बाद एसपी द्वारा जिला साइबर टीम को जांच एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान जिले में पीओएस एजेंट के माध्यम से फर्जी सिम जारी किए जाने तथा इन सिम कार्डों का देश के विभिन्न राज्यों में सामने आए साइबर ठगी के मामलों से संबंध होने की जानकारी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए माधवनगर पुलिस और जिला साइबर टीम ने जांच तेज की।

पहले आकाश गुप्ता की हुई थी गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले आरोपी आकाश गुप्ता को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई थी। जांच के दौरान उसके विरुद्ध माधवनगर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ एवं विवेचना के दौरान एक अन्य व्यक्ति को भी फर्जी सिम उपलब्ध कराए जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस फर्जी आरोपी नवीन माखीजा की तलाश में जुटी थी।

सूचना पर टीम पहुंची इंदौर, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस को सूत्रों से जानकारी मिली कि मामले में फरार आरोपी नवीन माखीजा पिता स्वर्गीय अवतराम माखीजा निवासी रघुनाथगंज वार्ड घंटाघर में छिपा हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद पुलिस टीम गठित कर इंदौर रवाना की गई। टीम ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना माधवनगर पहुंचायाए जहां उसकी विधिवत गिरफ्तारी की गई। पुलिस के अनुसार मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आकाश गुप्ता वर्तमान में जिला जेल कटनी में निरुद्ध है। प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजीत बागरी, प्रधान आरक्षक आशीष श्रीवास, आरक्षक मयंक सिंह, आरक्षक मणी सिंह तथा जिला साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार से 12 लाख का गांजा जब्त

मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

कार छोड़कर भागा चालक, मामला दर्ज



कटनी, यशभारत। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए झिंझरी पुलिस ने 50 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गांजे का परिवहन बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट डिजायर कार से किया जा रहा था। पुलिस की घेराबंदी के दौरान चालक वाहन को बड़ागांव रोड स्थित फॉरेस्ट स्मृति वन के सामने छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने गांजा और तस्करी में प्रयुक्त कार सहित 12 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार 4 नवंबर को झिंझरी चौकी को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध रूप से गांजा ले जाया जा रहा है। वाहन उमरिया की तरफसे आकर जबलपुर की ओर जा रहा था। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनके निर्देश पर पुलिस की दो टीमें गठित कर संदिग्ध वाहन का पीछा किया गया। पुलिस से बचने के लिए चालक ने कार तेज रफ्तार से भगाई और आगे जाकर जीएसटी कार्यालय के पास से बड़ागांव रोड की ओर मोड़ दी। पुलिस की कार्रवाई के बीच चालक बड़ागांव रोड पर फॉरेस्ट स्मृति वन के सामने कार छोड़कर अंधेरे में भाग निकला। पुलिस ने उसकी तलाश कीए लेकिन वह मौके पर नहीं मिला। तलाशी के दौरान कार के अंदर गांजे के 50 पैकेट मिले। प्रत्येक पैकेट का वजन एक किलोग्राम पाया गया।

लाड़ली बहना योजना के नाम पर ठगी

दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने 12 घंटे में किया खुलासा



कटनी, यशभारत। लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाने और वेरिफिकेशन कराने का झांसा देकर महिलाओं से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को रंगनाथनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नगर निगम कर्मचारी बनकर महिलाओं के घर पहुंचे थे और उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराकर दूसरे नामों से आईडी बना रहे थे। पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार रामनिवास सिंह वार्ड निवासी जीनत फातिमा ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि 2 नवंबर को दो युवक नगर निगम कर्मचारी बनकर घर पहुंचे। आरोपियों ने लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़वाने और वेरिफिकेशन के नाम पर उसकी मां और मोहल्ले की अन्य 5-6 महिलाओं की तस्वीरें खींचीं। इसके बाद उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड करवाकर दूसरे नामों से आईडी बनाई और व्यक्ति गत जानकारी प्राप्त की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 3(5) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और लगातार पतासाजी के आधार पर दुर्गा चौक खिरहनी से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूर्यांश तिवारी निवासी अनूपपुर और विशाल अग्निहोत्री निवासी बदायूं उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में दुर्गा चौक में रह रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे किसी अन्य व्यक्ति के कहने पर लोगों की आईडी बनाते थे और प्रत्येक आईडी के बदले 600 रुपये मिलते थे। पुलिस अब इस काम में शामिल अन्य व्यक्ति की तलाश कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, सहायक उपनिरीक्षक बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, रामनरेश शुक्ला, आरक्षक वीरेन्द्र दहायत, संजय पाण्डेय और सतेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

राशि बढ़ाने और वेरिफिकेशन का दिया झांसा

CB HEALTH CARE
commitment to best patient care
डॉ. धर्मेंद्र सिंह बागरी
एमडी जनरल मेडिसिन
Ex_senior Resident, cardiology
• ECG एवं PFT (Spirometry) की सुविधा
• 2D ECHO व कलर डॉपलर ईको कार्डियोग्राफी
• हृदय रोग संबंधी सभी प्रकार की समस्याएँ (हार्ट अटेक, हार्ट फेलियर)
• बी.पी., डायबिटीज(शुगर) थायराइड एवं श्वास संबंधित सभी समस्याएँ
• जोड़ो में दर्द गठिया वात से संबंधित सभी समस्याएँ।
• जनरल मेडिसिन से सम्बंधित समस्याओं के उपचार हेतु।
समय : सुबह 10 से 2 बजे तक, सायं 5.30 से 8 बजे तक (रविवार क्लीनिक बंद रहेगा)
Reg.No.- MP25236
+91 8602054967
+91 8602915994
डन कॉलोनी मोड़, बस स्टॉप मेन रोड, बरगवां, कटनी

जी.डी. मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
जी.एन.एम. नर्सिंग कोर्स
सीमित सीटें
100 बेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
अपने नर्सिंग के सपने को दें नई उड़ान
डन कॉलोनी, बरगवां, कटनी (म.प्र.)
संपर्क: 9630364578, 7620029783

धर्मलोक हॉस्पिटल
पता- आदर्श कॉलोनी रोड, जयप्रकाश वार्ड, नई बस्ती, कटनी
फोन- 07622- 422390, 796084, मो. नं.- 8305402024
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, अस्थि रोग विभाग, मेडिसन विभाग, नवजात एवं शिशु विभाग, दंत विभाग, एक्टसीडेंट एवं ट्रामा यूनिट
आयुष्मान कार्ड से भी इलाज की सुविधा
24 घंटे-सीटी स्केन सुविधा, एम्बुलेंस सुविधा, मेडिकल स्टोर्स, इमरजेंसी एवं भर्ती की सुविधा

डॉ. अदिति चौदहा
बी.डी.एस. मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ
पूर्व रेसीडेन्ट डेंटल सर्जन अपोलो हॉस्पिटल बैंगलूरू
Smile Zone Dental Clinic
आधुनिक उपकरणों एवं नई तकनीक से दंत चिकित्सा
क्लीनिक : मां दुर्गा हॉस्पिटल के पास, आदर्श कॉलोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Premium Quality | Stylish Spaces | Lasting Beauty
SHAKUNTALA GRANITE AND TILES
Your Dream Space, Our Quality
Deals in : Granite, Tiles, Kadappa, Kota, Decorative Item.
GRANITE TILES KADAPPA KOTA DECORATIVE ITEM
Dealer : hindware SANITARYWARE LIVE BEAUTIFULLY
Distributor : JKTYLO ADHESIVES NUVOCO
Mob. : 9009767272
Shakuntala Granite and Tiles, In front of Shri Hospital, Katni (M.P.)
Quality Products | Trusted Brands | Modern Designs | Customer Satisfaction

SEATEX SPINO
Aaram ka Naya Naam. Hamesha Ke Liye.
BEST QUALITY | COMFORTABLE FOR SPINE
100% VIRGIN | LONG LIFE
STRONG LEGS | 2 YEAR WARRANTY
Bring Home Comfort. Seatex Spino, The Perfect Chair for Home and Office.
अधिकृत वितरक -विश्वकर्मा फर्नीचर
मधई मंदिर रोड, विश्वकर्मा पार्क कटनी
मो.-9826082251 फोन नं. 07622-230557

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट
SAMARTH MARBLE AND GRANITE
टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट
Size. Thickness. Finish. Quality
Quality Marble & Granite at Best Price
एल.आई.सी ऑफिस के सामने बरगवां, कटनी
Mob. 9425153498
JOHNSON DESIGNERS' CHOICE Kajarla METRO TILES

हृदय रोग जाँच केन्द्र
• सीने में दर्द • बिना वजह पसीना आना
• साँस फूलना • बैचेनी और घबराहट रहना
• अत्यधिक थकान
यदि निम्न में से कोई भी लक्षण अपके शरीर में है तो आपके हृदय संबंधित जाँच करवाना आवश्यक है
जैसे E.C.G (ई.सी.जी.)- हृदय गति की जाँच
ECHO CARDIO GRAPHY (इकोकार्डियोग्राफी)
हृदय आकार, कार्य क्षमता व हृदय मॉसपेशियों की जाँच
TMT (ट्रेड मिल टेस्ट)-हृदय धमनियो की प्राथमिक जाँच
नवजात व छोटे बच्चों के दिल में सुराख व दिल की बीमारीयो की जाँच की जाती है।
सी.आर.एम.क्लीनिक
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, रूपलाल सोनी मार्केट पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी (म.प्र.)
मो. 8826395999 - 07622-225824
डॉ.अभिषेक शर्मा एम.बी.बी.एस. डिप.कार्ड, हृदय एवं मधुमेह रोग चिकित्सक

V2 Value & Variety
5000+ Styles
END OF SEASON SALE
UPTO 70% OFF
ON LARGE VARIETY OF PRODUCTS
Address -Visit now 1st & 2nd floor V2 Retail Limited City Mall Katni (M.P.)

JOIN US : नीरज सिनेप्लेक्स
RATE LIST
लोवर 100/-
बालकनी 150/-
बॉक्स 200/-
रोजाना 3 शो ता.05 नवम्बर से
12:00PM, 03:30PM,07:00PM

AT DLG CINEMAS
FROM 5 NOVEMBER
12:00 AM, 1:30, 4 PM
5:30, 8:00, 9:30 PM
FOR BOOKING CONTACT :
DLG CITY CENTRE
माधवनगर गेट के पास, कटनी (म.प्र.) फोन 07622-473999
BOOKING OPEN NOW KINDLY VISIT | bookmyshow

JOIN US : सिटी प्राईड सिनेमा में | bookmyshow paytm
05 नवम्बर से रोजाना 4 शो
AUDI-1 - 3D 09:00AM | 3D 01:00PM | 2D 05:00PM | 3D 09:00PM
05 नवम्बर से रोजाना 4 शो
AUDI-2 - 2D 10:00AM | 2D 02:00PM | 2D 06:00PM | 2D 10:00PM

संपादकीय

कर्ज की गिरफ्त में दम तोड़ती पारिवारिक खुशियां



भोपाल के मालीखेड़ी में कर्ज के बोझ से दबे नरेंद्र साहू द्वारा मां, पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या के बाद खुद आत्महत्या कर लेने की घटना महज एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि हमारे बदलते सामाजिक और आर्थिक ढांचे पर करारा तमाचा है। एक व्यक्ति पर हर महीने करीब 40 हजार रुपये ब्याज चुकाने का दबाव था। मकान, कार और बाइक बेचने के बाद भी कर्ज खत्म नहीं हुआ। आर्थिक दबाव के साथ अन्य परिस्थितियां भी इस घटना से जुड़ी बताई जा रही हैं। सवाल यह है कि आखिर कर्ज का बोझ इंसान को किस हद तक तोड़ रहा है और हमारा समाज ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए क्या कर रहा है?

आज कर्ज लेना जितना आसान हुआ है, उससे निकलना उतना ही कठिन होता जा रहा है। बैंक, फाइनेंस कंपनियां और निजी साहूकार हर जरूरत के लिए ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। बाजार ने भी एक ऐसी संस्कृति विकसित कर दी है, जिसमें जरूरत से ज्यादा इच्छाओं को महत्व दिया जा रहा है। महंगी गाड़ी, बड़ा मकान, ब्रांडेड सामान और भव्य आयोजन सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक बना दिए गए हैं। लोग अपनी आमदनी नहीं, दूसरों की जीवनशैली देखकर खर्च करने लगे हैं। आसान किस्तों का आकर्षण भविष्य की आर्थिक परेशानियों को छिपा देता है। फिर एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लिया जाता है और परिवार ब्याज के ऐसे भंवर में फंस जाता है, जहां उसकी पूरी कमाई दूसरों की जेब में जाने लगती है।

सबसे खतरनाक स्थिति अवैध सूदखोरी की है। ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज देने वाले लोग मजबूरी का फायदा उठाते हैं। वसूली के नाम पर धमकी, अपमान और मानसिक प्रताड़ना व्यक्ति को भीतर तक तोड़ देती है। दूसरी ओर, वित्तीय संस्थानों की ऋण वसूली प्रक्रिया को भी मानवीय और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। आर्थिक संकट किसी अपराध का औचित्य नहीं हो सकता, लेकिन संकटग्रस्त व्यक्ति को समय रहते सहायता न मिलना भी व्यवस्था की गंभीर विफलता है।

अब सरकार को केवल आर्थिक विकास और ऋण वितरण के आंकड़ों से आगे बढ़कर परिवारों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। अवैध सूदखोरी पर कठोर कार्रवाई, ऋण पुनर्गठन की सरल व्यवस्था, कानूनी सहायता और मानसिक परामर्श केंद्र स्थापित करना समय की मांग है। स्कूलों से ही वित्तीय साक्षरता की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी कर्ज और बचत का अंतर समझ सके।

समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। आखिर हम आने वाली पीढ़ी को बचत और आत्मनिर्भरता की सीख देंगे या दिखावे के लिए कर्ज लेने की आदत? प्रतिष्ठा का पैमाना महंगी गाड़ी और आलीशान मकान नहीं, बल्कि कर्जमुक्त जीवन और खुशहाल परिवार होना चाहिए। भोपाल की घटना एक भयावह चेतावनी है। कर्ज की समस्या को केवल व्यक्ति की निजी विफलता मानकर छोड़ना घातक होगा। आर्थिक समृद्धि का वास्तविक अर्थ तभी है, जब बाजार की चमक के पीछे परिवारों का अंधेरा न छिपा हो।

कड़वे वचन



जीवन का यहनियम याद रखो। जो आप देने वाले हैं वह आपके पास लौटके आने वाला है। कई गुना बढ़कर आने वाला है। हर किसान यह नियम जानता है, मानता है और इस पर काम करता है। वह खेत में अच्छे व बेहतरीन बीज डालता है और फसल आने का इंतजार करता है। किसान यह जानता है मगर अफसोस है कि इंसान यह नहीं जानता। दिया कभी बेकार नहीं जाता । याद रखो दे जाना ही ल जाने का मार्ग है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांगः-5 नवम्बर, 2026
दिन-गुरुवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष
दिन सामान्य रहने वाला है
किसी की मदद करने
से खुशी मिलेगी

वृष
किसी विशेष कार्य को करने में दिन
व्यतीत होगा लोगों की
प्रशंसा मिल सकती है

मिथुन
आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी दिन
खुशनुमा रहने वाला है

कर्क
मानसिक उलझनें कम हो सकती हैं
खर्चों की अधिकता बनी रहेगी

सिंह
दिन अनुकूल रहने वाला है माता-पिता
का आशीर्वाद
लेकर कार्य करें

कन्या
धन लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं
परिवार के साथ समय
व्यतीत कर सकते हैं

तुला
दिन उत्तम रहने वाला है सामाजिक कार्यों
में गतिविधियां बढ़ेगी

वृश्चिक
स्वास्थ्य में पहले से अब सुधार होगा योग
प्राणायाम अवश्य करें

धनु
घर में शुभ मांगलिक कार्य हो सकते हैं
मन प्रफुल्लित रहेगा

मकर
साझेदारी के काम को सोच समझ कर
आगे बढ़ाएं क्रोध में नियंत्रण रखें

कुंभ
खर्चों की अधिकता की वजह से आर्थिक
स्थिति प्रभावित रहेगी

मीन
वाणी में नियंत्रण रखकर कार्य करें दिन
सामान्य रहने वाला है

धन्वंतरि की दिव्य विरासत और यमदीप की प्राचीन परंपरा

आरोग्य, धन और समृद्धि का पावन पर्व है धनतेरस



प्रतिवर्ष दीपावली से दो दिन पूर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 6 नवंबर को मनाया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में धनतेरस का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसे केवल धन और वैभव की प्राप्ति का पर्व मानना उचित नहीं होगा बल्कि यह आरोग्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। इस दिन विशेष रूप से भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है। धनतेरस का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार तथा आयुर्वेद का प्रवर्तक माना जाता है। मान्यता है कि उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था, जो जीवन, स्वास्थ्य और अमरत्व का प्रतीक है। इसी कारण उन्हें देवताओं का वैद्य और आरोग्य का देवता कहा जाता है। समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत के माध्यम से देवताओं को अमरत्व प्राप्त हुआ था। भगवान धन्वंतरि के इसी दिव्य प्राकट्य की स्मृति में धनतेरस मनाने की परंपरा प्रचलित हुई।

भगवान धन्वंतरि का संबंध केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि उनका आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा परंपरा में भी विशेष स्थान है। आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान माना गया है, जिसका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं बल्कि शरीर और मन को स्वस्थ रखते हुए दीर्घ एवं संतुलित जीवन प्रदान करना है। यही कारण है कि धनतेरस का दिन चिकित्सकों, वैद्यों और चिकित्सा जगत से जु? लोगों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा कर लोग परिवार के आरोग्य, निरोगी काया और दीर्घायु की कामना करते हैं। धनतेरस हमें यह संदेश भी देता है कि वास्तविक धन केवल सोना, चांदी और संपत्ति नहीं बल्कि अच्छा स्वास्थ्य, मानसिक शांति और संतोषपूर्ण जीवन है। इसलिए इस पर्व का मूल भाव धन के साथ आरोग्य और समृद्धि की मंगलकामना करना है।

धनतेरस के पर्व पर भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा के साथ मृत्यु के देवता यमराज के पूजन तथा दीपदान का भी विशेष विधान है। इस दिन संध्याकाल में घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है, जिसे 'यम दीपक' अथवा 'यमदीपदान' कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है और घर में सुख-समृद्धि तथा मंगल बना रहता है। इस परंपरा के पीछे एक अत्यंत रोचक और भावुक पौराणिक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार, एक बार यमराज ने अपने दूतों से पूछा कि प्राणियों के प्राण हरते समय क्या कभी ऐसा अवसर भी आया, जब किसी व्यक्ति के प्रति तुम्हारे मन में दया उत्पन्न हुई हो और तुम्हारा हृदय करुणा से भर उठा हो? यमराज का प्रश्न सुनकर यमदूतों ने उत्तर दिया कि वे तो केवल उनकी आज्ञा का पालन करने वाले सेवक हैं। उनका कार्य निर्धारित समय पर जीवों के प्राण लेना है, इसलिए दया और मोह-माया का उनके कार्य में कोई स्थान नहीं है। हालांकि, यमराज द्वारा निर्भय होकर सच बताने का आश्वासन दिए जाने पर उन्होंने एक ऐसी घटना का उल्लेख किया, जिसने उन्हें भी भीतर तक विचलित कर दिया था।

यमदूतों ने बताया कि एक बार हंस नाम का राजा शिकार के लिए जंगल में गया था। शिकार करते समय वह अपने साथियों से बिछु?कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने अतिथि धर्म का पालन करते हुए उसका खूब आदर-सत्कार किया। संयोगवश उसी दिन राजा हेमा की पत्नी ने एक अत्यंत सुंदर पुत्र को जन्म दिया। राजपरिवार में खुशियां छा गई लेकिन ज्योतिषियों ने नवजात राजकुमार की कुंडली देखकर भविष्यवाणी की कि विवाह के ठीक चार दिन बाद उसकी मृत्यु हो जाएगी। यह सुनकर राजा और रानी शोकाकुल हो उठे। उन्होंने अपने पुत्र को इस अनिष्ट से बचाने के लिए उसे यमुना नदी के किनारे एक निर्जन गुफा में रखवा दिया। वहां उसके पालन-पोषण की राजसी व्यवस्था की गई और विशेष सावधानी बरती गई कि उस पर किसी युवती की छाया तक न प?े। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन संयोगवश राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर पहुंच गई। वहां उसकी दृष्टि राजकुमार पर प?ी और दोनों एक-दूसरे को देखते ही मोहित हो गए। उनके बीच प्रेम उत्पन्न हुआ और उन्होंने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया। दुर्भाग्यवश, ज्योतिषियों की भविष्यवाणी के अनुसार विवाह के चार दिन बाद ही राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने अपने जीवन में उस नवविवाहित जो? जैसा सुंदर और प्रेमपूर्ण युगल कभी नहीं देखा था। दोनों कामदेव और रति के समान प्रतीत होते थे। राजकुमार के प्राण हरने के बाद जब उसकी नवविवाहिता पत्नी ने विलाप करना शुरू किया तो उसका करुण क्रंदन सुनकर यमदूतों का हृदय भी द्रवित हो उठा। यह पूरा वृत्तांत सुनने के बाद यमराज ने कहा कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ उनके निमित्त दीपदान करने से अकाल मृत्यु के भय से रक्षा होती है। तभी से धनतेरस पर यमदीपदान की परंपरा प्रचलित होने की मान्यता है। इसी विश्वास के चलते लोग संध्याकाल में घर के बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीपक जलाकर यमराज से परिवार के सभी सदस्यों की लंबी आयु और आरोग्य की प्रार्थना करते हैं।

धनतेरस पर खरीदारी की भी विशेष परंपरा है। इस दिन पुराने और टूटे-फूटे बर्तनों के स्थान पर नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। विशेष रूप से तांबे, पीतल और चांदी के बर्तन खरीदने की परंपरा है। अनेक लोग सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और अन्य उपयोगी वस्तुएं भी खरीदते हैं। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि लेकर आती हैं। कुछ परिवारों में नई झा? खरीदकर उसका पूजन करने की भी परंपरा है।

(लेखक- योगेश कुमार गोयल)

अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में ऐतिहासिक हार का महा झटका!

ट्रंप की वैश्विक साख पर प्रहार! टूटा भ्रम



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे पुराने लोकतंत्र व विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या यूँ कहें कि पूरे विश्वपर अनौपचारिक रूप से राज करने वाले अमेरिका के मध्यावधि चुनावों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ ला दिया है। अभी वर्तमान विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट,दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है। हालांकि अमेरिका के इतिहास में यह कोई पहली बार नहीं हुआ है।पिछले 20 वर्षों में पांच मिडटर्म चुनाव हुए। इन सभी में राष्ट्रपति की पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में सीटें गंवाईं। यह परिणाम केवल विपक्ष की चुनावी सफलता नहीं, बल्कि महंगाई, जीवन- यापन की लागत, ईरान युद्ध और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के प्रति मतदाताओं की नाराजगी का संकेत भी है, ऐसा माना जा रहा है कि जिसका पहले से ही अंदेशा भी था? मीडिया के अनुसार, विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स ने प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए आवश्यक 218 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया और सीनेट पर भी नियंत्रण हासिल किया।चुनावी गणित-कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स की वापसी करीब करीब सुनिश्चित हो गई है प्रतिनिधि सभा 225 - डेमोक्रेट्स 137 रिपब्लिकन सीटें घोषित बहुमत- 218 / 435 सीनेट 51+, डेमोक्रेटिक गठबंधन बहुमत का आंकड़ा पार,बहुमत- 51/ 100,4 नवंबर को उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार,प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट्स ने 225 और रिपब्लिकन ने 137 सीटें जीत ली थीं, बस मिनट में 54 सीटें प्राप्त कर ली थी,जबकि शेष सीटों पर मतगणना जारी थी। सीनेट में भी डेमोक्रेट्स नेरिपब्लिकन बहुमत समाप्त कर दिया। कई महत्वपूर्ण रिपब्लिकन सीटों पर डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों की जीत ने सत्ता का संतुलन बदल दिया। अंतिम प्रमाणित सीटों की संख्या राज्यवार मतगणना और प्रमाणन के बाद स्पष्ट होगी। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों की तुलना भारत की संसद से की जा सकती है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा भारत की लोकसभा के समान जनता का प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व करती है। इसकी सभी 435 सीटों पर हर दो वर्ष में चुनाव होता है। अमेरिकी सीनेट भारत की राज्यसभा की तरह एक उच्च सदन है, लेकिन दोनों में महत्वपूर्ण अंतर हैं। अमेरिकी सीनेट में 100 सदस्य होते हैं, प्रत्येक राज्य से दो,और उनका कार्यकाल छह वर्ष होता है।भारत में राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 है, वर्तमान संवैधानिक सीमा के अंतर्गत 245 सदस्य हो सकते हैं, जिनमें 12 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं। राज्यसभा स्थायी सदन है और इसके लगभग एक- तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं।

साथियों बात अगर हम ट्रंप की हार

कार्यकाल नहीं, राजनीतिक शक्ति पर असर को समझने की करें तो मिडटर्म चुनाव राष्ट्रपति का चुनाव नहीं है। ट्रंप का चार वर्ष का राष्ट्रपति कार्यकाल जनवरी 2029 तक जारी रहेगा। चुनाव में हार से उनका कार्यकाल छोटा नहीं होगा, लेकिन कानून पारित करना, बजट मंजूर कराना और प्रशासनिक नियुक्तियों को आगे बढ़ाना कठिन हो सकता है।डेमोक्रेटिक बहुमत वाली समितियां अब ट्रंप प्रशासन के फैसलों,सरकारी खर्च, आव्रजन नीति, व्यापारिक टैरिफ और युद्ध संबंधी निर्णयों की जांच कर सकती हैं।महाभियोग की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है, लेकिन केवल चुनाव हारने से महाभियोग स्वतः नहीं होता। राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए प्रतिनिधि सभा में महाभियोग और सीनेट में दोषसिद्धि के लिए दो-तिहाई समर्थन आवश्यक है।पिछले 20 वर्षों में2006 2010, 2014, 2018 और 2022 के पांच मिडटर्म चुनाव हुए। इन सभी में राष्ट्रपति की पार्टी ने प्रतिनिधि सभा में सीटें गंवाई। जॉर्ज डब्ल्यू. बुश, बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के कार्यकालों में यह राजनीतिक पैटर्न दिखाई दिया। सीनेट में स्थिति अलग रही- 2006 और 2014 में राष्ट्रपति की पार्टी ने नियंत्रण गंवाया, जबकि 2010, 2018 और 2022 में बहुमत बरकरार रखा या मजबूत किया। यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति बताती है कि मिडटर्म चुनाव अक्सर राष्ट्रपति के लिए जनमत की सटीकता से परीक्षा होते हैं। साथियों बात अगर हम अब ट्रंप की नीतियों का क्या होगा? इसको समझने की करें तो,डेमोक्रेटिक नियंत्रण से ट्रंप की नीतियों पर संसदीय अंकुश बढ़ेगा, लेकिन उनकी सभी नीतियां स्वतः समाप्त नहीं होंगी।टैरिफ और अमेरिका फर्स्ट- कांग्रेस को विदेशी व्यापार और आयात शुल्क पर संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। राष्ट्रपति को कुछ कानूनों के अंतर्गत टैरिफ लगाने की शक्तियां भी मिली हैं। डेमोक्रेट्स टैरिफ से जुड़े कानूनों, बजट और प्रशासनिक फैसलों की समीक्षा कर सकते हैं, लेकिन हर टैरिफ को तत्काल समाप्त नहीं कर सकते।आव्रजन और वीजा- भारतीय छात्रों,आईटी पेशेवरों और एच -1बी वीजा धारकों के लिए अधिक निष्पक्ष आव्रजन नीति की संभावना बन सकती है।हालांकि वीजा नियमों मेंबदलाव के लिए प्रशासनिक निर्णय, कानून और संबंधित एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। तत्काल वीजा राहत की गारंटी नहीं है।वेनेजुएला और विदेश नीति- वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसे राजनीतिक बयानों को वास्तविक नीति या संवैधानिक प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। कांग्रेस विदेश नीति, सैन्य खर्च और प्रतिबंधों पर निगरानी बढ़ा सकती है, लेकिन राष्ट्रपति की कूटनीतिक शक्तियां बनी रहेंगी।

साथियों बात अगर हम इस मिड टर्म चुनाव 3 नवंबर 2026 में भारतीय-अमेरिकी और मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को समझने की करें तोमिशिगन में 42 वर्षीय डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद ने रिपब्लिकन माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम व्यक्ति बनने का इतिहास रचा।उन्होंने स्वास्थ्य सेवा,जीवन-यापन की लागत और राजनीति में कॉरपोरेट धन के प्रभाव को अपने अभियान का केंद्र बनाया। ट्रंप के तीखे हमलों के बावजूद उनकी जीत ने मुस्लिम -अमेरिकी समुदाय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नई पहचान दी।हालांकि मुस्लिम और भारतीय- अमेरिकी मतदाताओं ने कितने प्रतिशत वोट देकर चुनाव परिणाम बदल दिया, इसका सटीक राष्ट्रीय आंकड़ा अभी उपलब्ध नहीं है। इसलिए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण कहा जा सकता है,

(लेखक-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी)

पारिवारिक रिश्तों में जहर घोल रही है डिजिटल सौतन



आज मोबाइल पर रील ओटीटी चैनल पर बढ़ता स्क्रीन टाइम पारिवारिक माहौल में जहर घोलने का काम कर रहा हैं। परिजनों के बीच भी बैठे एक ही परिवार के सदस्यों के बीच वार्तालाप के समय को इस डिजिटल सौतन ने छीन लिया है। डाइनिंग टेबल हो या ड्राइंग रूम सब की मौजूदगी में भी सब अकेले है। यह एक कटु सच्चाई है आपसी रिश्ते मोबाइल और सोशल मीडिया के निशाने पर हैं।

हाल ही में एक ऐसा ही मामला काफी सुर्खियों में आ गया जब एक ही छत के नीचे रहने वाले वरिष्ठ चिकित्सक दंपती के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन बन गया है। पति सर्जन और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। पति को यूट्यूब पर वीडियो देखने की लत दो वर्ष पहले पड़ी। वह घर आने के बाद पत्नी से बात करने की जगह मोबाइल पर वीडियो देखने लग जाते हैं। इससे पत्नी चिढ़ने लगीं, पति को समझाने का प्रयास किया। लत नहीं छूटी।

आगरा का यह मामला इसी गंभीर स्थिति का एक सटीक और बेहद चौंकाने वाला उदाहरण है। आगरा पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र में हाल ही में आया यह केस यह साबित करता है कि मोबाइल एडिक्शन किसी भी वर्ग या पेशे के व्यक्ति को अपना शिकार बना सकता है।

इस पूरे मामले के मुख्य बिंदुओं पर नजर डाल लीजिए। इस मामले में पति एक सर्जन हैं और पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। दोनों ही उच्च शिक्षित और प्रतिष्ठित पेशेवर हैं।

डॉक्टर पति को पिछले दो साल से यूट्यूब पर वीडियो और रील्स देखने की गंभीर लत लग गई थी। अस्पताल से घर लौटने के बाद वे पत्नी से बात करने के बजाय घंटों मोबाइल स्क्रीन में खोए रहते थे।

पत्नी ने काउंसलिंग के दौरान अपनी नाराजगी और लाचारी जाहिर करते हुए एक बेहद तीखी बात कही। उन्होंने कहा, वीडियो देखने से अच्छा है कि पति नशा या शराब ही पी लिया करें, कम से कम उस बहाने मुझसे बात तो करेंगे। यह बयान दिखाता है कि पार्टनर की डिजिटल अनदेखी किसी को किस हद तक मानसिक रूप से आहत कर सकती है।

आगरा कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर और काउंसलर्स के मुताबिक, इस दंपती की दो बार काउंसलिंग की जा चुकी है, जिसके बाद उनके बीच का तनाव और कड़वाहट धीरे-धीरे कम हो रही है।

आगरा पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि वहां आने वाले वैवाहिक विवादों के कुल मामलों में से 35 से 40 प्रतिशत मामले केवल मोबाइल स्क्रीन टाइम और डिजिटल एडिक्शन के कारण आ रहे हैं। अब शराब की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप से भी बड़ी वजह यह डिजिटल सौतन बनती जा रही है

अकेले में मोबाइल की स्क्रीन देखकर अपने चेहरे के भाव बदलते रहते हैं। यह अकेला मामला नहीं है, पति-पत्नी के बीच मोबाइल डिजिटल सौतन की जगह ले रहा है। घर और परिवार से दूर रहने वालों के बीच दूरियां कम करने वाला मोबाइल एक छत के नीचे रहने वाले पति-पत्नी के बीच अनदेखी डिजिटल दीवार खड़ी कर रहा है।घर में मोबाइल को अधिक समय देना, बार-बार वाट्सएप चेक करना और चैट करना पति-पत्नी के रिश्तों में रार पैदा कर रहा है। परिवार परामर्श केंद्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक मामले पहुंचे, जिनमें 35 से 40 प्रतिशत मामले मोबाइल के चलते होने वाली रार के थे। पिछले तीन वर्ष मे इस तरह के मामलों में बढोत्तरी हुई है। इससे पहले पति-पत्नी का एक दूसरे पर किसी और से प्रेम संबंध होने का शक करने के मामले अधिक थे। एक अध्ययन में अमेरिका के 40,337 बच्चों और किशोरों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया था। इसमें पाया गया कि 14 से 17 साल के जिन किशोरों ने रोजाना सात घंटे या उससे अधिक स्क्रीन का इस्तेमाल किया उनमें एक घंटे तक स्क्रीन इस्तेमाल करने वालों की तुलना में डिप्रेशन या एंग्जायटी में होने की संभावना दोगुने से ज्यादा थी। लेकिन यह अध्ययन दोनों के बीच संबंध दिखाता है इसमें यह साबित नहीं होता है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का एकमात्र कारण है। फिर भी इस आकड़े के नतीजे से डिजिटल आदतों पर ध्यान देने की जरूरत बढ़ जाती है।

अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते है तो इसकी शुरुआत छोटे बदलावों से की जा सकती है। जिसमें खाना खाते समय फोन दूर रखें, दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत के दौरान नोटिफिकेशन बंद करें और दिन में कुछ समय टहलने, व्यायाम करने या कोई नया शौक सीखने के लिए निकालना शुरू कर दें। वहीं सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करना और बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नजर रखना भी उपयोगी हो सकता है। इसमें ध्यान रखें कि काम, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए स्क्रीन की जरूरत अलग-अलग होती है इसलिए सभी के लिए एक ही समय-सीमा सही नहीं मानी जाएगी। आखिर में तकनीक को पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं बल्कि उसका समझदारी से इस्तेमाल करना जरूरी है। देखा जाता है कि डिजिटल दुनिया से जुड़े रहने के साथ वास्तविक रिश्तों, शारीरिक गतिविधियों और खुद के लिए समय निकालना मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए बेहतर संतुलन बनाने में मदद कर सकता है।स्मार्टफोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। जिसमें पढ़ाई से लेकर ऑफिस के काम और दोस्तों से बातचीत तक कई गतिविधियां स्क्रीन के जरिए होती हैं। वहीं अब तकनीक ने जिंदगी को और भी आसान बना दिया लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डाल सकता है। जिसको देखते हुए सवाल यह है कि क्या हम तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं या धीरे-धीरे उसी पर निर्भर होते जा रहे हैं? यदि जीवन में डिजिटल संसार ने ज्ञान का अपार भंडार खोल दिया है तो दूसरी ओर जीवन में सरलता सहजता और अन्तर्मन की खुशी को कहीं न कहीं प्रभावित किया है। जीवन में बहुत कुछ सीखने पाने हासिल करना उस समय निरर्थक हो जाता है जब भीतर का आह्लाद अनुभव नहीं होता जब पास में मौजूद प्रकृति का सौंदर्य बोध ह्रदय में कोई उमंग नहीं जगाता जब पास मे मौजूद परिजनों से मिलकर बात कर कोई खुशी महसूस नहीं होती जब जीवन के अस्तित्व से जुड़ी अनुभूतियाँ क्षीण होने लगती है। **(लेखक- मनोज कुमार अग्रवाल**

नियमितीकरण और वेतन वृद्धि को लेकर नगर निगम कर्मचारियों का आर-पार का मूड

दिवाली से पहले हड़ताल से शहर की व्यवस्थाएं चरमराने की आशंका





भोपाल, यशभारत।

राजधानी भोपाल में दीपावली और धनतेरस के ठीक पहले नगर निगम कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा है। नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों और अन्य लंबित मांगों को लेकर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों और जलकार्य शाखा के कर्मियों ने नगर निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मुख्यालय में तालाबंदी कर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया, जिससे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, फायर ब्रिगेड और सीवेज जैसी जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे अपने आंदोलन को और उग्र करते हुए पानी की सप्लाई भी ठप कर देंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी है।

सफाई व्यवस्था पर असर, बाजारों और मोहल्लों में लगे कचरे के ढेर

कर्मचारियों की इस अचानक हड़ताल का सबसे पहला असर शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। घरों से कचरे का उठाव पूरी तरह बंद होने के कारण प्रमुख बाजारों, सड़कों और गली-मोहल्लों में कचरे के बड़े-बड़े ढेर जमा हो गए हैं। त्योहारी सीजन के इस समय में बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ के बीच गंदगी और कचरे के अंबार से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों दोनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी ओर, जिला प्रशासन और निगम के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। त्योहारी सीजन में आम जनता को पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित न होना पड़े, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल कर्मचारियों और प्रशासन के बीच बातचीत के दौर जारी हैं, और सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या त्योहार से पहले कोई बीच का रास्ता निकल पाता है या संकट और गहराएगा।

बीएचईएल में विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 का समापन

भोपाल यश भारत। बीएचईएल भोपाल में 2 से 31 अक्टूबर तक आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 का समापन हुआ। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस अभियान में टाउनशिप की स्वच्छता सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में टाउनशिप उद्यानिकी और स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान संचालित किया। इसके तहत पिपलानी स्थित करीब 4.5 एकड़ में फैले गांधी उद्यान के मुख्य द्वार से फव्वारा क्षेत्र तक लगभग 80 हजार वर्गफीट में सफाई और सौंदर्यीकरण किया गया। संपदा भवन स्थित टाउनशिप कार्यालय से एसबीआई एचईटी शाखा तक भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। साथ ही जैविक खाद और जीवामृत के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। कार्यों का जियो टैग्ड तस्वीरों से दस्तावेजीकरण भी किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ एवं हरित टाउनशिप की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।



बच्चों ने इको-फ्रेंडली और सात्विक दीपावली मनाने का संकल्प लिया

हिरदाराम नगर।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली और सात्त्विक दीपावली पर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों को पर्व का वास्तविक महत्व बताया गया और पटाखों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, रंगोली और दीया सजावट जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका और नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे, जिसके माध्यम से प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित त्योहार मनाने का संदेश दिया गया। बच्चों ने मिट्टी के दीप जलाने, ऊर्जा बचाने, पौधों की देखभाल करने और जरूरतमंदों के साथ खुशियाँ बाँटने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राधानाचार्या रेखा केवलानी और उप-प्रधानाचार्या दिव्या कृपलानी ने बच्चों से पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का आह्वान किया।

हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 'हाट बाजार' एवं दीवाली फेस्ट

हिरदाराम नगर।



संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 'हाट बाजार' एवं दीवाली फेस्ट का आयोजन किया गया। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब द्वारा आयोजित छात्राओं ने विभिन्न पारंपरिक स्टॉल लगाए। हाट बाजार में दीए, सजावटी सामान, हस्तशिल्प और विविध व्यंजनों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन से छात्राओं को सोशल मीडिया प्रमोशन, ब्रांडिंग और व्यावसायिक विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने का व्यावहारिक अनुभव मिला। पारंपरिक सजावट से सजे इस जीवंत मेले में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर और ग्रुप एडवाइजर पी.एस. राठौर ने विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

एम्स भोपाल में ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम

भोजन की बर्बादी रोकने की शपथ, मिलेट्स और स्थानीय खाद्य पदार्थों की लगाई प्रदर्शनी

भोपाल , यश भारत।

एम्स भोपाल के आहार विज्ञान विभाग द्वारा ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह 2026 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य मरीजों, उनके परिजनों और आम नागरिकों को संतुलित पोषण, खाद्य सुरक्षा तथा भोजन की बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान डीन (एकेडमिक्स) ने उपस्थित लोगों को शून्य खाद्य अपव्यय की शपथ दिलाई। सभी ने भोजन का सम्मान करने और जरूरत के अनुसार ही भोजन लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मिलेट्स (श्रीअन्न) और स्थानीय खाद्य पदार्थों पर आधारित पोषण प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से इनके पोषण संबंधी गुणों और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई।



आयोजकों ने बताया कि संतुलित आहार अपनाने के साथ खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना सतत जीवनशैली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के जरिए स्वस्थ खानपान और जिम्मेदार उपभोग का संदेश दिया गया।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किया 150 बिस्तरीय अस्पताल का निरीक्षण

32.54 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

भोपाल,यश भारत।



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गुरुवार को सतना प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 150 बिस्तरीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल भवन तैयार होने से पहले आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और फर्नीचर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान सांसद गणेश सिंह और महापौर योगेश ताम्रकार भी मौजूद रहे। पीआईयू की एसडीओ मंदाकिनी गुप्ता ने बताया कि 32.54 करोड़ रुपये की लागत से 100 बिस्तरीय वार्ड, 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक और इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ ब्लॉक का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में चौथे तल की छत का कार्य जारी है। परियोजना मई 2027 तक पूरी करने का लक्ष्य है।

नाम सुधार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजीव ओझा पिता रघुवर दयाल ओझा उम्र 34 वर्ष निवासी मकान नंबर दो वार्ड नंबर 2 जेल रोड सरस्वती स्कूल के पास सरकारी गोदाम रोड सिहोरा यह है एवं 10वीं के अंक सूची में मेरा नाम त्रुटि वर्ष संजीव ओझा पिता रघुवर दयाल ओझा दर्ज हो गया है जबकि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय की की दस्तावेज मेरा नाम संजीव कुमार ओझा दर्ज है जो की यही सही है है सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आज दिनांक से मेरे सही नाम संजीव कुमार ओझा पिता रघुवर दयाल ओझा के नाम से मुझे पढ़ा लिखा जाना पहचाना जावे एवं आगामी शासकीय दस्तावेजों में भी मेरा नाम संजीव कुमार ओझा दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता

पश्चिम मध्य रेल

यांत्रिक शाखा

निविदा सूचना क्र **JBP-M-Tender-33-2026 Dated 04/11/2026, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एंड ईएनएचएम), मंडल रेल प्रबंधक यांत्रिक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक** : JBP-M-Tender-33-2026, Dated 04/11/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : जबलपुर मंडल के ET-JBP, NKJ-SGRL और KTE-BINA सेक्शन में 'हॉट एक्सल बॉक्स हॉट व्हील डिटेक्टर' (HAHW) की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग जिसमें 24 महीने की वारंटी अवधि पूरी होने के बाद 06 वर्षों के लिए CAMC भी शामिल है।, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये** : 19331055.00, **बयाना राशी रुपये** : 386600.00, **समापन की अवधि** : 06 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय** : 26.11.2026, 15:00 Hrs उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट https:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./2562/विद्युत विभाग/ 2026-27 — कटनी दिनांक 03/11/2026

// चतुर्थ निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026-UAD -547838-1	नगरपालिक निगम, कटनी के विभिन्न विद्यालय साधूराम, ए रवीन्द्रराव एवं क. सी.एस. में विद्युतीकरण कार्य।	30 दिवस लागत 8,05,650/-	2000/- 8056/-	13/11/2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, कटनी

कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी

2549/संपदा शाखा/2026 — कटनी दिनांक 02/11/26

फ्री होल्ड आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास कटनी के आवासीय जन/भूखंड हितग्राहियों को आवंटित किये गये हैं। मप्र अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के अंतर्गत संपत्तियों को फ्री होल्ड किये जाने के आदेश प्रसारित किये गये हैं। निम्नानुसार भवन/भूखडों को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदकों के द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तत किये गये हैं।

अतः आम सूचना की प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साक्ष्य कक्ष क्रमांक 10 में कार्यालयीन दिवस समय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। आवेदनों का विवरण निम्नानुसार है।

क्र	भूखण्ड स्वामी का नाम	योजना क्र	भूखण्ड क्र	वार्ड का नाम
1	श्रीमती सुमन तिवारी/श्री आर पी तिवारी	06	आवासीय भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस 69	सुधार न्यास कालोनी विश्राम बाबा कटनी
2	श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी/श्री राममनोहर तिवारी	06	आवासीय भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस 68	सुधार न्यास कालोनी विश्राम बाबा कटनी
3	श्री प्रकाश नारायण/श्रीफूलचंद दुबे	06	आवासीय भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस 69	सुधार न्यास कालोनी विश्राम बाबा कटनी
4	श्री रजत जैन/श्री मिथलेश जैन	06	आवासीय भू खण्ड क्रमांक 02	सुधार न्यास कालोनी विश्राम बाबा कटनी
5	श्रीमती प्रीति सिंह/श्री संदीप सिंह	14	आवासीय भू खण्ड क्रमांक 38	बाबू वंश स्वरूप वार्ड क्रमांक 29

राजस्व अधिकारी
संपदा शाखा
नगर पालिक निगम कटनी

न्यायालय अति. तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)
रा0प्र0क्र0/ 4368/3-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक 22.10.26

// आम इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण/वसीयतगृहितागण 1. श्री विशाल चौधरी पिता श्री विजय चंद जैन (चौधरी) निवासी म.नं. 664, एम.आर. 4 रोड, विजय नगर, जबलपुर म.प्र., 2. श्री विवेक चौधरी पिता श्री विजय चंद चौधरी (जैन) निवासी म.नं. 30, सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड, नया नं. 140, हनुमानताल, जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा रिमझा, नं.बं. 397/401, प.ह.नं. 23/79, रा.नि.मं. माढ़ोताल, तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित मूल खसरा नं. 2/3 का भाग, वर्तमान खसरा नं. 2/3/1, रकवा 0.3905 हे. एवं खसरा नं. 2/3/2, रकवा 0.5545 हे. इस प्रकार दोनों खसरो का कुल रकवा 0.945 हे. भूमि है, जरिये ई-पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक एमपी 182552024 ए 3840979, दिनांक 01/07/2024 के माध्यम से वसीयत की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि वसीयतकर्ता विजय चंद चौधरी पिता स्व. चौधरी नेमीचंद जैन का नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति होतो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक..... ..तक न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जबलपुर में स्वंय उपस्थित हो कर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/10/26
पेशी दिनांक 11/11/26
अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर
रा0प्र0कं0/46.52/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 22/10/26

// आम इश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री सीताराम पिता श्री राजनाथ निवासी म.नं. 54, ग्राम परियट, पिपरिया, ग्राम परियट, पनागर, पोस्ट ऑफिस पनागर, जिला जबलपुर म.प्र. में स्थित भूमि मौजा करमेता न.ब.497 प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. महाराजपुर तहसील अधारताल व जिला जबलपुर में स्थित भूमि डाय. ख.नं. 427, 428 नामांतरण पश्चात् ख.नं. 427/1 का रकवा 0.016 हे. भूमि दिनांक..... के माध्यम से है। आवेदकगण के माता श्रीमती लालमुनि शर्मा पति रामनाथ शर्मा का दिनांक 13.09.2022 को एवं पिता रामनाथ शर्मा पिता कमलनाथ शर्मा का दिनांक 18.04.2001 का निधन हो चुका है। भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में भूमि पर श्रीमती लालमुनि शर्मा पति राजनाथ शर्मा, निवासी जबलपुर का नाम दर्ज है। श्रीमती लालमुनि शर्मा पति राजनाथ शर्मा के निधन के बाद वारिसान में पुत्र- श्री सीताराम पिता श्री राजनाथ निवासी जबलपुर है। ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दाबा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 11/11/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांकः 22/10/26
पेशी दिनांकः 11/11/26
अतिरिक्त तहसील अधारताल जबलपुर

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 4356 / खनिज / 2026 — कटनी, दिनांक 05/11/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

आवेदक मेसर्स खादू श्याम मिनरल्स, पता–डांग रोड रीठी, जिला कटनी (म0प्र0) (नाम एवं पता) के द्वारा उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 25 / 08 / 2026 को प्रस्तुत किया गया है। आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 3521, 3523 दिनांक 02.09.2026 से प्रकाशित किये जाने हेतु लेख किया गया था। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकवा	भूमि का प्रकार शासकीय / निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
कटनी	रीठी	डांग	1305 / 1 भाग	1.000	शासकीय भूमि	फर्शीपत्थर	

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G-21115/26

उपसंचालक
(खनिज प्रशासन)
जिला कटनी (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग, जिला नरसिंहपुर म. प्र.

प्रारंभिक अधिसूचना

(देखिये धारा 11)

क. 15.9.7./अ.वि.अ./भू-अर्जन/2026 — तेंदूखेड़ा दिनांक 2/11/2026

रा.मा.क. 005/अ-82/2024-25 मौजा ग्राम सूखा डिगसरा नं. व. 454 प.ह.नं. 40 तहसील- तेंदूखेड़ा

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर को सूखा डिगसरा से डिगसरा होकर कांशीखेरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. के निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि सूखा डिगसरा से डिगसरा होकर कांशीखेरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-4 के तहत कलेक्टर द्वारा सामाजिक समाघात अध्ययन दल का गठन किया गया, जिसके द्वारा सामाजिक समाघात रिपोर्ट एवं प्रबंध योजना तैयार की गई। कलेक्टर द्वारा धारा 7 के तहत सतंत्र बहु-शाखीय विशेषज्ञ समूह के दल का गठन किया गया। विशेषज्ञ समूह द्वारा अंकन रिपोर्ट तैयार की गई एवं धारा 8 के तहत समुचित सरकार का विनिश्चिय प्रकाशित किया गया जिसके अनुसार अधिसूचित की जा रही भूमि के भूमिस्वामियो का विस्थापन नहीं हो रहा है एवं सार्वजनिक लोक प्रयोजन के स्थल अप्रभावित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना द्वारा जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :

अनुसूची 1

1. परियोजना का नाम : सूखा डिगसरा से डिगसरा होकर कांशीखेरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. के निर्माण हेतु ।
2. भूमि का विवरण:
   1 जिला : नरसिंहपुर 2. तहसील : तेंदूखेड़ा 3. ग्राम : सूखा डिगसरा
   4. प.ह.न. : 40 5. न. बंदोबस्त : 454 6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 0.782 हेक्टेयर

अनुसूची - 2

सं क.	भूमि स्वामी का नाम एवं पिता का नाम	खसरा नंबर	कुल रकबा (हे.में.)	अर्जित रकबा (हे. में.)
1	2	3	4	5
1	छोटेलाल पिता उम्मर सिंह किरार पता काशी खेरी	144-145/1	1.210	0.080
2	कुंतीबाई पत्नी चंदन सिंह किरार	147/1/2	1.417	0.050
3	सचीन्द्र पिता नारायण सिंह किरार	147/1/3	1.418	0.050
4	हेमन्त चौधरी पिता हक्के प्रसाद किरार पता सा. देह	147/2	1.018	0.080
5	शरद कुमार पिता हेमराज सिंह किरार पता सा. देह	123/1	1.692	0.113
6	कोमल सिंह पिता गोविन्दी आदिवासी. सा. देह	110/3	0405	0.012
7	राजाराम पिता टीकाराम ब्राम्हणी सा. देह	110/4	0.817	0.020
8	मीरा बाई पति छोटेलाल किरार पता काशीखेरी	111	1.222	0.035
9	मोतीबाई पत्नी तुलसीराम अनंदी त्रिवेणी सम्पत बाई पिता मूलचंद हीराबाई पत्नि टीकमसिंह इन्द्र सिंह सुजानसिंह पिता टीकमसिंह किरार पता इमलिया	115	2.436	0.040
10	चंदन सिंह पिता भगवान सिंह किरार पता काशीखेरी	116/1	0.305	0.010
11	शांतिबाई पत्नि भानुप्रताप किरार पता काशीखेरी	119	1.337	0.040
12	तुलसीराम पिता ओमकार सिंह किरार पता काशीखेरी	121	0.599	0.028
13	चंदन सिंह पिता भगवान सिंह किरार पता काशीखेरी	122/1	0.732	0.072
14	तुलसीराम पिता ओमकार सिंह किरार पता काशीखेरी	122/2	0.733	0.032
15	तुलसीराम पिता ओकार सिंह किरार पता काशीखेरी	148/2	0.202	0.008
16	लेखराम पिता ओकार सिंह किरार पता काशीखेरी	149	1.727	0.020
17	टिकाराम पिता रामगोपाल किरार	146/1-146/2	1.052	0.092
	योग		18.322	0.782

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ भोपाल दिनांक एफ 16-15 (7)-2014-सात-श, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी (भू-अर्जन शाखा) कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर, और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी सव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय/विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लगम सृजित नही करेगा।

अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कक्ष क्रमांक-84 भू अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेंदूखेड़ा में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे।

भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तेंदूखेड़ा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

शान् चौधरी
अनुविभागीय अधिकारी
सह भू-अर्जन अधिकारी तेंदूखेड़ा

रजनी सिंह
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

जी-21153/26

करोड़ों का सांदीपनि विद्यालय, लेकिन सुविधाएं बदहाल!

1500 विद्यार्थियों की सुरक्षा दांव पर, बदबूदार शौचालय से लेकर अधूरी बिजली व्यवस्था तक उठे गंभीर सवाल







शाहनगर (पन्ना), यशभारत। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय का बहुमंजिला भवन भले ही शिक्षा के बेहतर भविष्य की तस्वीर पेश करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कहीं पानी के अभाव में शौचालय बदहाल हैं, तो कहीं विद्युत व्यवस्था अधूरी होने से सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं, तीसरी मंजिल पर बिना सुरक्षा उपकरणों के पुताई कराए जाने का वीडियो भी सामने आया है। ऐसे में करीब 1500 छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

बदबूदार शौचालय, पानी की कमी से विद्यार्थी परेशान- शाहनगर स्थित इस विद्यालय में ग्राउंड फ्लोर से लेकर तीसरी मंजिल तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। यहां लगभग 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन पर्याप्त पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण शौचालयों की स्थिति खराब बनी हुई है। शौचालयों से उठती दुर्गंध विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ के लिए परेशानी का कारण बन रही है। सवाल यह है कि करोड़ों की लागत से बने भवन में स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधा भी सुनिश्चित क्यों नहीं हो पा रही है?

शॉर्ट सर्किट की घटना ने खोली विद्युत व्यवस्था की पोल- विद्यालय की विद्युत व्यवस्था भी चिंता का विषय बनी हुई है। करीब एक सप्ताह पहले भवन के ग्राउंड फ्लोर और तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की सूचना सामने आई थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन इसने भवन की विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसी श्री साईं इंफ्रास्ट्रक्चर के इंजीनियर पारस गोयल ने बताया कि पीआईयू विभाग से राशि प्राप्त नहीं होने के कारण विद्युत सप्लाई का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उनके बयान से स्पष्ट है कि भुगतान संबंधी समस्या के चलते बिजली व्यवस्था का काम प्रभावित हो रहा है।

तीसरी मंजिल पर बिना सुरक्षा पुताई, श्रमिकों की जान जोखिम में!- मामला केवल विद्यार्थियों की सुविधाओं तक सीमित नहीं है। विद्यालय की बाहरी दीवारों पर पुताई करते युवकों का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें युवक तीसरी मंजिल पर बिना किसी स्पष्ट सुरक्षा उपकरण और सुरक्षा इंतजाम के काम करते दिखाई दे रहे हैं। इतनी ऊंचाई पर बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम कराया जाना श्रमिकों की जान के साथ खिलवाड़ जैसा है। सामने आई जानकारी के अनुसार, इस लापरवाही के लिए संबंधित ठेकेदार को जिम्मेदार बताया गया है।

जिम्मेदार विभागों से सीधे सवाल- अब सवाल यह है कि जब विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हो रही हैं और लगभग 1500 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी कौन सुनिश्चित करेगा? करोड़ों रुपये के भवन में स्वच्छ शौचालय और पर्याप्त पानी की व्यवस्था क्यों नहीं है?

विद्युत सप्लाई का कार्य अधूरा होने के बावजूद कक्षाएं कैसे संचालित की जा रही हैं?- शॉर्ट सर्किट की घटना के बाद विद्युत सुरक्षा को लेकर क्या कदम उठाए गए? तीसरी मंजिल पर बिना सुरक्षा उपकरणों के पुताई कराने वाले ठेकेदार पर क्या कार्रवाई होगी?

विद्यार्थियों और श्रमिकों की सुरक्षा की जवाबदेही आखिर किसकी है?- करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य भवन खड़ा कर देना ही उत्कृष्ट विद्यालय की पहचान नहीं हो सकती। असली उत्कृष्टता तब है, जब विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण, पर्याप्त पानी, सुरक्षित विद्युत व्यवस्था और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलें। अब निगाहें पीआईयू विभाग, और संबंधित निर्माण एजेंसी पर टिकी हैं। देखना होगा कि इन समस्याओं को दूर करने के लिए कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। क्योंकि सवाल सिर्फ एक विद्यालय की व्यवस्थाओं का नहीं, बल्कि उन 1500 बच्चों के भविष्य और सुरक्षा का है, जिनके बेहतर भविष्य के सपने के साथ इस भवन का निर्माण किया गया था।



बच्चों के हाथों से बने दीपावली के सजावटी उत्पाद

कलेक्ट्रेट में सजे स्टॉल पर दिखी रचनात्मकता

दीये-कैंडल और रंग-बिरंगे तोरण के जरिए दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

कटनी ,यशभारत। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बाल गृह संस्थाओं के बच्चों द्वारा तैयार दीपावली के सजावटी उत्पादों की खरीदारी कर उनके हुनर को सम्मान और आत्मनिर्भरता के सपनों को नई उड़ान दी। इस स्टॉल में विभिन्न बाल गृह संस्थाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे। मिशन वात्सल्य के तहत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें आर्थिक संबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के प्रवेश हॉल में लगे स्टॉल से कलेक्टर ने रंग-बिरंगे तोरण और कैंडल्स आदि हस्तनिर्मित सामग्री खरीदा और नगद भुगतान किया। यहां बच्चों द्वारा तैयार ग्लास कैंडल, वॉल हैंगिंग, झालर, सजावटी दीये और अन्य आकर्षक उत्पाद प्रदर्शित किए गए। डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं महिला सशक्तिकरण अधिकारी वनश्री कुर्वेती ने भी उत्पादों की खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह स्टॉल महज उत्पादों की प्रदर्शनी नहीं, बल्कि बच्चों के हुनर को पहचान देने और उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाने का माध्यम बना। बच्चों की कलाकारी ने स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के साथ वोकल फॉर लोकल का संदेश भी दिया। इन नन्हे हाथों की बनाई सामग्री ने दीपावली की खुशियों में सम्मान, स्वाभिमान और आत्मविश्वास की रोशनी भी जोड़ दी।

योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

टीम भावना से काम करने की नसीहत



कटनी,यशभारत। जिला पंचायत सीईओ हर सिमरनप्रीत कौर ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों से कामकाज में आपसी समन्वय और जवाबदेही बनाए रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। दीपावली के अवसर पर आयोजित बैठक में सीईओ ने कर्मचारियों से त्योहार की परंपराओं और तैयारियों पर भी चर्चा की। उन्होंने सभी को सपरिवार शुभकामनाएं देते हुए शासकीय दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण किया गया। अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी सहित जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पांच सचिव-रोजगार सहायकों को नोटिस

प्रधानमंत्री आवास सहित योजनाओं की प्रगति प्रभावित

कटनी,यशभारत। बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के दौरान सचिव और ग्राम रोजगार सहायक नदारद मिले। कार्यालय बंद होने से शासकीय योजनाओं की समीक्षा भी नहीं हो सकी। जिला पंचायत सीईओ हर सिमरनप्रीत कौर ने पांच कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है।

जुझारी में सचिव तुलसीराम पटेल और रोजगार सहायक अजय पाल, तिगवां में सचिव कमल झरिया और रोजगार सहायक सनत पटेल तथा अमरगढ़ एवं मवई के सचिव गोविंद पटेल को नोटिस जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास पूर्णता के साथ व्हीबी-जी रामजी और स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा नहीं हो सकी। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर मिलावट का खतरा, खाद्य सुरक्षा विभाग वसूली में मस्त!

बाजारों में खुले तेल से तैयार हो रहे पकवान

सैंपलिंग के नाम पर औपचारिकता; आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ पर विभाग की निगरानी नदारद



कटनी,यशभारत। दीपावली पर बाजार मिठाई, नमकीन और तले हुए पकवानों से सज गए हैं, लेकिन इनकी शुद्धता की गारंटी कौन देगा? छोटी दुकानों और ठेलों पर खुले तेल का इस्तेमाल तथा एक ही तेल को बार-बार गर्म कर समोसे, कचौड़ी और पकौड़े तैयार किए जाने की आशंका है। इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता जमीन पर नजर नहीं आ रही। त्योहार में खाद्य कारोबार बढ़ रहा है, लेकिन निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है, यह बड़ा सवाल है।

सैंपलिंग की औपचारिकता, कार्रवाई का इंतजार

खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। त्योहार के दौरान सैंपल लेने की कवायद तो होती है, लेकिन कितने नमूनों की जांच रिपोर्ट आई, कितने प्रतिष्ठानों में गड़बड़ी मिली और कितनों पर कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है। बाजार में खुले तेल और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर सवालों के बीच विभाग की प्राथमिकता भी सवालों के घेरे में है। आरोप हैं कि निरीक्षण और सैंपलिंग की आड़ में वसूली का खेल चल रहा है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है।बार-बार गर्म किए गए तेल में हानिकारक तत्व बनने का खतरा रहता है। ऐसे में सवाल सीधा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग केवल नमूने लेने की औपचारिकता निभाएगा या मिलावट और असुरक्षित खाद्य कारोबार पर वास्तव में शिकंजा भी कसेगा? त्योहार में आम लोगों की सेहत दांव पर है और विभाग को जवाब देना चाहिए कि अब तक कितनी प्रभावी कार्रवाई की गई है।

कांग्रेस सेवादल में ग्रामीण संगठन की नई नियुक्ति

दीपक तिवारी को मिली अहम जिम्मेदारी



कटनी,यशभारत। कांग्रेस सेवादल में संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए बंधी-स्लीमनाबाद निवासी दीपक तिवारी को कटनी जिला ग्रामीण का मुख्य संगठक एवं जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह की अनुशंसा पर की है। दीपक तिवारी इससे पहले बहोरीबंद ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक एवं जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर भाई सौरभ सिंह जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा,बरिष्ट नेता राकेश जैन कक्का, गुमान सिंह, मिथलेश जैन, नीरज सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, नरेंद्र सैनी, प्रदीप त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष, अजय गर्ग, आकेश जैन, अरविंद, अमित गर्ग, राकेश साहू, संतोष यादव, कल्लू दास, महेंद्र जैन, अनुराग मिश्रा, अभिषेक दुबे, अजय आदित्य दुबे और संजय खरे,सहित अन्य कांग्रेसजनों ने शुभकामनाएं दीं।

दीपावली पर स्वच्छता और सुरक्षा का रखें ध्यान

महापौर और निगमायुक्त ने नगरवासियों को दी पर्व की शुभकामनाएं





कटनी,यशभारत। महापौर प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार ने नगरवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नागरिकों से त्योहार के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करें और बच्चों को अकेले पटाखे न चलाने दें। साथ ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देकर शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। त्योहार की खुशियां तभी सार्थक होंगी, जब घरों के साथ शहर का वातावरण भी स्वच्छ और सुरक्षित रहे।

कचरा पृथक्करण के लिए किया जागरूक

रोशन नगर में कचरा स्थल की सफाई कर कराया सौंदर्यीकरण

कटनी,यशभारत। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम ने स्वच्छ दीपोत्सव अभियान चलाकर विभिन्न वार्डों में नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। घर-घर पहुंचकर लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने तथा कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालने की समझाइश दी गई। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 18 के राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर में जीवी पॉइंट की विशेष सफाई कर सौंदर्यीकरण किया गया। नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फेंकने और अनुपयोगी वस्तुओं को आरआरआर केंद्र तक पहुंचाने की अपील की गई।

धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा, बाजार में बढ़ी मांग



लक्ष्मी पूजन के साथ झाड़ू खरीदने को भी शुभ मानते हैं लोग, दुकानों पर दिखी ग्राहकों की आवाजाही

कटनी,यशभारत। धनतेरस पर बर्तन और सोने-चांदी की खरीदारी के साथ झाड़ू खरीदने की परंपरा भी बाजार में खास रहती है। मान्यता है कि इस दिन नई झाड़ू घर लाने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। इसी विश्वास के चलते धनतेरस पर झाड़ू की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही रहती है। बाजार में फूल झाड़ू, सींक वाली झाड़ू और नारियल की झाड़ू सहित अलग-अलग किस्में उपलब्ध रहती हैं। लोग अपनी जरूरत और बजट के अनुसार इनकी खरीदारी करते हैं। व्यापारियों के मुताबिक धनतेरस पर झाड़ू की मांग सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ जाती है। हालांकि खरीदारी का रुझान बाजार की रौनक और ग्राहकों की जेब पर भी निर्भर करता है।

पांच दिन में सात ग्रामीणों को मिला जमीन पर कब्जा

तिलमन गांव में राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर सुलझाए भूमि विवाद



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में त्वरित निराकरण

कटनी,यशभारत। ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम तिलमन में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सात ग्रामीणों को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया गया। ग्रामीणों ने पांच दिन पहले अभियान के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी को आवेदन देकर भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को तहसीलदार नितिन पटेल के नेतृत्व में राजस्व अमला गांव पहुंचा और नौ आवेदनों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान शंकर कोल, सत्यावती दहायत, नीमा बाई कोल, रेखा बाई कोल, कमला बाई कोल, कपसा बैया और सुमन बाई कोल को उनकी भूमि पर मौके पर कब्जा दिलाया गया। वहीं, कुसुम बाई और ज्ञान बाई के प्रकरण में अनावेदक पक्ष के साथ कब्जे की जगह को लेकर विवाद सामने आया। सीमांकन के बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी निर्धारित जमीन पर काबिज होने पर सहमति जताई। पांच दिनों के भीतर सात प्रकरणों का निराकरण होने से ग्रामीणों को राहत मिली।



धनतेरस पर रंगोली के रंगों से सजा बाजार

घर-आंगन, बाजार में बढ़ी मांग

कटनी,यशभारत। दीपावली पर घर-आंगन को आकर्षक बनाने के लिए रंगोली सजाने की परंपरा के चलते बाजार में रंगोली के रंगों और डिजाइन की मांग बढ़ गई है। धनतेरस से ही लोग दीपावली की सजावट के लिए खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगे रंगों के पाउडर, रेडीमेड रंगोली, स्टेंसिल और फूलों से तैयार होने वाली रंगोली के सामान उपलब्ध हैं। बाजार में कम कीमत वाले रंगों से लेकर आकर्षक डिजाइन वाली रेडीमेड रंगोली तक के विकल्प मौजूद हैं। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रही हैं। वहीं, समय की कमी के चलते रेडीमेड रंगोली और डिजाइन स्टेंसिल भी पसंद किए जा रहे हैं। दीपावली पर घर के मुख्य द्वार और आंगन में रंगोली सजाने की परंपरा बाजार में इस कारोबार को रौनक दे रही है।

न पीवी सिंधु, न साइना नेहवाल, तन्वी पत्री ने रचा इतिहास, यूथ ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं



नई दिल्ली,यशभारत। भारत की 15 वर्षीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक में इतिहास रच दिया है। ओडिशा की इस होनहार शटलर ने डकार में आयोजित यूथ ओलंपिक गेम्स के बैडमिंटन फाइनल में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। इसके साथ ही वह यूथ ओलंपिक के बैडमिंटन मुकाबले में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। उनकी इस उपलब्धि को भारतीय बैडमिंटन के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। खास बात यह है कि जिस मुकाम तक पीवी सिंधु और साइना नेहवाल जैसी दिग्गज भारतीय खिलाड़ी भी नहीं पहुंच सकीं, वहां तन्वी ने कम उम्र में अपनी प्रतिभा और जुझारूपन से इतिहास बना दिया।

गुरुवार को खेले गए फाइनल में तन्वी का सामना चीन की झांग यी शिन से हुआ। तीन गेम तक चले इस रोमांचक मुकाबले में तन्वी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की और 21-13 से गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला।

तीसरे गेम में एक समय तन्वी 10-19 से पिछड़ रही थीं और चीनी खिलाड़ी की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। लेकिन तन्वी ने हार नहीं मानी और लगातार अंक हासिल करते हुए मुकाबले में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने पांच मैच पॉइंट बचाकर मैच को बेहद रोमांचक बना दिया। इतना ही नहीं, तन्वी ने तीन गोल्ड मेडल पॉइंट भी हासिल किए, लेकिन उन्हें जीत में तब्दील नहीं कर सकीं। आखिरकार झांग यी शिन ने 26-24 से तीसरा गेम जीतकर 15-21, 21-13, 26-24 के अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस तरह तन्वी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

फाइनल तक शानदार रहा सफर

तन्वी का यूथ ओलंपिक तक का सफर भी शानदार रहा। ग्रुप चरण में उन्होंने मेक्सिको की सारा गोंजालेज और ऑस्ट्रेलिया की स्मृति अडेपू को सीधे गेमों में हराया। इसके बाद दक्षिण कोरिया की जिओंग यू चांग को शिकस्त देकर नॉकआउट दौर में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की कुंगकाउ काकानिक को 21-17, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही वह यूथ ओलंपिक बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।सेमीफाइनल में तन्वी के सामने जापान की युजुनो वातानाबे की चुनौती थी। करीब 54 मिनट तक चले मुकाबले में तन्वी ने धैर्य और आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 21-14, 21-11, 21-19 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई।महज 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस तरह का प्रदर्शन तन्वी की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है। भले ही वह स्वर्ण पदक जीतने से चूक गईं, लेकिन उनका रजत पदक भारतीय बैडमिंटन के भविष्य के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आया है।

आईपीएल में रिटेंशन पर 40 करोड़ की मांग

टूट सकता है ऋषभ पंत का 27 करोड़ का रिकॉर्ड

मुंबई, यशभारत। आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी और दिग्गज खिलाड़ियों के बीच रिटेंशन को लेकर खींचतान तेज हो गई है। कुछ शीर्ष खिलाड़ियों ने अपनी टीमों के सामने रिटेन होने के लिए 40 करोड़ रुपए तक की मांग रखकर फ्रेंचाइजी की चिंता बढ़ा दी है। यदि किसी टीम ने इस मांग को स्वीकार कर लिया तो आईपीएल इतिहास में खिलाड़ी को मिलने वाली सबसे बड़ी रकम का नया रिकॉर्ड बन जाएगा। फिलहाल यह रिकॉर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के नाम है, जिन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऐसे में 40 करोड़ रुपए की मांग मौजूदा रिकॉर्ड से सीधे 13 करोड़ रुपए अधिक है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ बड़े खिलाड़ियों ने अपनी रिटेंशन फीस को लेकर फ्रेंचाइजी को स्पष्ट संकेत दिए हैं। हालांकि, इन खिलाड़ियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। माना जा रहा है कि जिन खिलाड़ियों को अपनी लोकप्रियता, प्रदर्शन और बाजार में मांग के आधार पर बड़ी बोली मिलने की उम्मीद है, वे रिटेंशन के बजाय अपनी कीमत को लेकर टीमों पर दबाव बना सकते हैं। यदि फ्रेंचाइजी उनकी मांग मानती हैं तो टीमों के बजट और अन्य खिलाड़ियों को अपने साथ बनाए रखने की रणनीति पर भी असर पड़ सकता है।



मेगा ऑक्शन से पहले कीमत बढ़ाने का मौका

आईपीएल 2027 का मिनी ऑक्शन मौजूदा नीलामी चक्र का आखिरी मिनी ऑक्शन होगा। इसके बाद आईपीएल 2028 से पहले मेगा ऑक्शन आयोजित किया जाना है। ऐसे में खिलाड़ियों के पास अपनी बाजार कीमत बढ़ाने और फ्रेंचाइजी के सामने बेहतर आर्थिक शर्तें रखने का यह अहम मौका माना जा रहा है। मिनी ऑक्शन में टीमों को सीमित खिलाड़ियों की जरूरत होती है, जबकि मेगा ऑक्शन में उन्हें अपनी टीम का बड़ा हिस्सा नए सिरे से तैयार करना पड़ता है। यही वजह है कि कई बड़े खिलाड़ी इस समय अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं।

120 करोड़ से बढ़कर 150 करोड़ हो सकता है पर्स

फिलहाल प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों की खरीद के लिए 120 करोड़ रुपए का पर्स उपलब्ध है। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2028 के मेगा ऑक्शन से पहले इसे बढ़ाकर करीब 150 करोड़ रुपए किया जा सकता है। ऐसा होने पर टीमों को खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए अतिरिक्त 30 करोड़ रुपए मिलेंगे। हालांकि, खिलाड़ियों की बढ़ती मांग के बीच फ्रेंचाइजी को अपने बजट का संतुलन बनाए रखना भी बड़ी चुनौती होगी।

17 नवंबर तक देनी होगी रिटेंशन सूची

आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इसके लिए समयसीमा 15 नवंबर से बढ़ाकर 17 नवंबर कर दी गई है। वहीं, खिलाड़ियों की नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में आयोजित की जाएगी। रिटेंशन सूची जारी होने के बाद आईपीएल की ओर से पंजीकृत खिलाड़ियों का पूल फ्रेंचाइजी को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद टीमें अपनी जरूरत के मुताबिक खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट करेंगी।

पंत समेत बड़े खिलाड़ियों के ट्रेड से बढ़ी हलचल

मिनी ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों के ट्रेड ने भी आईपीएल का बाजार गर्म कर दिया है। दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स से वापस अपनी टीम में शामिल किया है। इस ट्रेड में बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ की टीम में पहुंचे हैं।

इसके अलावा दिल्ली ने तेज गेंदबाज टी नटराजन को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ट्रेड किया है, जिसके बदले उसे लेग स्पिनर जीशान अंसारी मिले हैं। अब सबकी निगाहें 17 नवंबर को जारी होने वाली रिटेंशन सूची पर टिकी हैं। इससे साफ होगा कि कौन से बड़े खिलाड़ी अपनी पुरानी टीमों के साथ बने रहेंगे और किन खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला नीलामी में होगा।

केवीएस-1 एसटीसी और लियोनार्ड सेमीफाइनल में

जबलपुर। यशभारत। जिला फुटबॉल संघ जबलपुर के तत्वावधान में शिवाजी ग्राउंड सदर में आयोजित इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में केवीएस-1 एसटीसी और लियोनार्ड स्कूल ने शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों ही टीमों ने एकतरफा मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को करारी शिकस्त दी।



प्रतियोगिता का पहला मुकाबला केवीएस-1 एसटीसी और स्मॉल वंडर स्कूल के बीच खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पहले मुख्य अतिथि जबलपुर के अध्यक्ष श्री रिंकू ब्रिज का खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। इस अवसर पर डॉ. आलोक चंसौरिया भी उपस्थित रहे। मुकाबले की शुरुआत से ही केवीएस-1 एसटीसी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और लगातार गोल करने के प्रयास किए। टीम ने पांचवें मिनट में पहला गोल दागकर बढ़त बनाई। इसके बाद 23वें मिनट में दूसरा, 30वें मिनट में तीसरा और 34वें मिनट में चौथा गोल कर मध्यांतर तक स्कोर 4-0 कर दिया। मध्यांतर के बाद स्मॉल वंडर स्कूल ने वापसी की कोशिश की, लेकिन केवीएस के मजबूत खेल के सामने उसकी एक न चली। केवीएस-1 एसटीसी ने 40वें, 45वें, 47वें, 50वें और 60वें मिनट में पांच और गोल दागे। इस तरह टीम ने 9-0 के बड़े अंतर से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

दिन का दूसरा मुकाबला लियोनार्ड स्कूल और बिट्स स्कूल के बीच खेला गया। दोनों टीमों के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण था। लियोनार्ड स्कूल ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए 12वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद 15वें और 18वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर बढ़त मजबूत कर ली। बिट्स स्कूल के खिलाड़ी रक्षात्मक खेल में उलझे रहे। लियोनार्ड स्कूल ने 20वें मिनट में चौथा, 25वें मिनट में पांचवां, 30वें मिनट में छठा और 33वें मिनट में सातवां गोल कर मध्यांतर तक स्कोर 7-0 कर दिया। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास किए, लेकिन कोई भी टीम सफलता हासिल नहीं कर सकी। अंततः लियोनार्ड स्कूल ने 7-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नेशनल मेडलिस्ट वूशु खिलाड़ियों और कोच का सम्मान,तान्या जाटव को एसएसबी में मिली सरकारी

जबलपुर। यशभारत। चेन्नई में आयोजित 25वीं जूनियर नेशनल वूशु चैंपियनशिप में पदक जीतकर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का जबलपुर लौटने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। रानीताल स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वूशु अकादमी में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के साथ अंतरराष्ट्रीय वूशु कोच मनोज गुप्ता का भी सम्मान किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने पदक विजेताओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी उपलब्धियों पर खुशी जताई।चेन्नई में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले वीर सिंह राजपूत, प्रियांशी चौहान और नंदिनी पटेल को सम्मानित किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण अंतरराष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी तान्या जाटव रहीं, जिन्हें सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में खेल कोटे से शासकीय नौकरी मिलने पर सम्मानित किया गया। रानीताल वूशु अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली तान्या आगामी 1 दिसंबर से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित एसएसबी में अपनी सेवाएं प्रारंभ करेंगी समारोह में मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद (आईपीएस), डॉ. जितेंद्र जामदार, नितिन भाटिया, डॉ. मुकेश जायसवाल, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप परिहार, योगेंद्र तिवारी और मुकेश नवेरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पदक विजेता खिलाड़ियों, कोच मनोज गुप्ता और तान्या जाटव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रंग संसार



सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस कर चुके हैं शाहरुख खान

मुंबई (यशभारत)। अपने दशकों लंबे करियर में सुपरस्टार शाहरुख खान ने सिल्वर स्क्रीन पर कई हीरोइनों के साथ रोमांस किया है। चाहे काजोल हो या दीपिका पादुकोण, शाहरुख के साथ हर हीरोइन की जोड़ी ने सिनेमाप्रेमियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री पर दर्शक आज तक बेशुमार प्यार लुटाते हैं। शाहरुख खान आज 61 साल के हो चुके हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर, आइए एक नजर डालते हैं शाहरुख खान की उन सात यादगार ऑनस्क्रीन जोड़ियों पर, जिन्होंने अलग-अलग दशकों में बड़े पर्दे पर प्यार की अनोखी दास्तां रची है और दर्शकों का दिल जीता है। बॉलीवुड में शायद ही कोई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ी हो, जिसने शाहरुख और काजोल जैसा जादू बिखेरा हो। 1993 में बाजीगर से शुरू हुआ यह सफर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों तक पहुंचा। पर्दे पर उनका नोक-झोंक भरा अंदाज, गहरे इमोशनल सीन और सुरीले गानों ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया।

साल 2015 में आई फिल्म दिलवाले में जब दोनों दोबारा साथ आए, तो पुरानी यादें फिर से ताजा हो गईं। शाहरुख खान और जूही चावला की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई, एक अलग ही ताजगी और मिठास लेकर आई। यश बॉस, डुप्लीकेट और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसी फिल्मों में उनकी कमाल की कॉमिक टाइमिंग और सहज रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली।

मैं बिकिनी पहनूंगी, किसी के बाप का क्या जा रहा है- सोनारिका

मुंबई (यशभारत)। मशहूर टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया द्वारा सालों पहले बिकिनी में अपनी तस्वीरें साझा करने पर भयंकर ट्रोलिंग का शिकार होने के बाद अब इस पूरे विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ट्रोलर्स को बेहद सख्त लहजे में जवाब दिया है। देवों के देवज्महादेव में मां पार्वती का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुई सोनारिका ने साफ कहा है कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। सोनारिका ने बेबाक अंदाज में कहा, मैं बिकिनी पहनूंगी। किसी के बाप का क्या जा रहा है। यह पूरा मामला साल 2016 का है, जब सोनारिका मॉरीशस वेकेशन पर गई थीं और वहां से उन्होंने बिकिनी में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने उनके लिए संस्कारहीन और बेशर्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, और कई यूजर्स ने अश्लील और भद्दे कमेंट भी किए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि जब यह ट्रोलिंग हुई, तब देवों के देवज्महादेव शो खत्म हो चुका था। इसके बाद भी वह कई सीरियल में काम कर चुकी थीं, लेकिन लोग उनका इंटरव्यू सिर्फ इस सवाल के लिए लेना चाहते थे कि पार्वती का रोल करने वाली एक्ट्रेस बिकिनी कैसे पहन सकती है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंची सोनारिका ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह आज भी बिकिनी पहनने से पीछे नहीं हटेंगी, और उन्हें यह सफाई क्यों देनी चाहिए कि उनके पति या पिता को उनके कपड़ों से कोई परेशानी नहीं है। एक्ट्रेस के अनुसार, असल बात यह है कि उन्हें खुद बिकिनी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने इस सोच पर सवाल उठाया कि किसी शो में किरदार निभाने का मतलब यह नहीं है कि असल जिंदगी में भी इंसान को वैसा ही रहना होगा। सोनारिका ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि अगर कोई पानी में जा रहा है तो वह बिकिनी ही पहनेगा, पानी में सूट पहनकर तो नहीं जा सकती।







गाना तू मिल जाए की शूटिंग के दौरान गर्भवती थी दीपिका

मुंबई (यशभारत)। आगामी फिल्म किंग का पहला गाना तू मिल जाए रिलीज कर दिया गया है। शाहरुख खान के जन्मदिन के अवसर पर जारी किये गए इस गाने में शाहरुख और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों का दिल जीत रही है। दोनों विदेशी लोकेशन पर एक-दूसरे की बाहों में बाहें डाले डांस करते नजर आ रहे हैं। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पाँच महीने की गर्भवती थीं। साल 2023 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्मों पठान और जवान में शाहरुख और दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब तीन साल बाद यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। किंग फिल्म के पहले गाने तू मिल जाए में दीपिका और शाहरुख का रोमांटिक अंदाज इस फेस्टिव सीजन को और खास बना रहा है। दीपिका ने गाने में कई अलग-अलग लुक अपनाए हैं, और उनके हर अंदाज़ को सराहना मिल रही है। यह जानकर सभी हैरान हैं कि इस गाने की शूटिंग के दौरान दीपिका अपनी दूसरी बेटी देवी के साथ पाँच महीने की गर्भवती थीं। दीपिका ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबर दुनिया के सामने आने के कुछ समय बाद ही शाहरुख के साथ गाने की शूटिंग के लिए केपटाउन का रुख किया था। अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने पूरी लगन और व्यावसायिकता के साथ गाने की शूटिंग जारी रखी। उन्होंने अपने काम के प्रति समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया.

रामायण की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ के पार

मुंबई (यशभारत)। अपकमिंग फिल्म रामायण ने अपनी रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाना शुरू कर दिया है। नितेश तिवारी निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग का आंकड़ा 75 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। भारत में भी फिल्म के टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री हो रही है, और यह 5 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने से पहले ही हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। रामायण की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे इसकी एडवांस बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। भारत में टिकट बिक्री में भारी उछाल आया है, और विदेश में भी फिल्म लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। दशहरे पर वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए रामायण की एडवांस बुकिंग 15 दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी। शुरुआती दस दिनों तक मुख्य रूप से हिंदी वर्जन के शो ही उपलब्ध थे, लेकिन अब पूरे देश में नए सिनेमाघरों में प्री-सेल्स तेजी से शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह तक फिल्म के लिए स्क्रीन्स की संख्या बढ़कर 3,500 हो गई है, जिसमें से पिछले दो दिनों में ही 1,000 स्क्रीन्स जोड़ी गई हैं। रिलीज से तीन दिन पहले तक रामायण ने भारत में एडवांस बुकिंग से 37 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन कर लिया है। इसमें से पहले दिन के लिए 22 करोड़ रुपये की कमाई हुई है, जबकि बाकी रकम एक्सटेंडेड वीकेंड में बंटी हुई है। पूरे भारत में रामायण के अब तक करीब 9 लाख टिकट एडवांस में बिक चुके हैं। हिंदी बेल्ट में फिल्म की मांग सबसे ज्यादा है, जबकि कन्नड़ और तेलुगु वर्जन्स ने भी क्रमशः 4 करोड़ और 2 करोड़ से अधिक के टिकट बेचे हैं। विदेशों में भी रामायण को लेकर जबरदस्त माहौल है। उत्तरी अमेरिका में फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले, 4 नवंबर को पेड प्रिव्यू रखे गए हैं। सोमवार सुबह तक फिल्म ने ओवरसीज मार्केट से एडवांस बुकिंग में 3.9 मिलियन डॉलर (लगभग 32 करोड़) की कमाई कर ली है, जिसमें अकेले अमेरिका के पेड प्रिव्यू से आया 1.5 मिलियन से अधिक का कलेक्शन शामिल है। नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी यह फिल्म दो पार्ट में लाई जा रही है। इसका पहला पार्ट 5 नवंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगा।



बाजार में आज होगी धन वर्षा

धनतेरस पर 25 करोड़ के कारोबार की उम्मीद
शाम होते ही दुकानों पर उमड़ेगी लोगों की भीड़

बर्तन, सराफा, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक्स पहली पसंद
दुपहिया वाहनों के शो रूम में भी मेला

कटनी, यशभारत। आज धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत हो गई है। धनतेरस के साथ ही आज धनवंतरि जयंती भी मनाई जा रही है। शाम होते ही घर-घर भगवान धनवंतरि की पूजा की जाएगी। धनतेरस पर आज मालव्य राजयोग है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन हस्त नक्षत्र और विष्कुंभ योग भी रहेगा। पर्व पर कुछ न कुछ खरीदने की परंपरा सालों से चली आ रही है, जिसका निर्वहन आज भी किया जाएगा। धनतेरस के लिए शहर का बाजार सजकर गुलजार हो गया है। बाजारों में सुबह से ही लोगों की भीड़ नजर आ रही है। खरीददारी का सिलसिला शाम से शुरू होकर देर रात तक चलता रहेगा। सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन और सराफा बाजार में नजर आएगी। आर्थिक मंदी और महंगाई के बाद भी व्यापारियों को इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस के बाद कल 7 नवंबर को नरक चतुर्दशी एवं परसों 8 नवंबर को रोशनी का महापर्व दीपावली का पर्व मनाया जाएगा।

ग्राहकों को लुभाने कैशबैक ऑफर

धनतेरस के चलते बाजारों में बर्तन, आभूषण, कपड़ा आदि की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। दुकानदारों को भी अब धनवर्षा का इंतजार है। धनतेरस एवं दीपावली को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियों की तरफ से कैशबैक ऑफर व फाइनेंस की सुविधा दी



जा रही है। ग्राहक टीवी, फ्रिज से लेकर एसी, कूलर की खरीदारी कर रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक इस बार पिछले साल की अपेक्षा अधिक कारोबार होने की उम्मीद है। बाजार में रौनक से दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान भी आ गई है।

आस्था के आगे घुटने टेक रही महंगाई

आस्था के आगे महंगाई घुटने टेक रही है। दीवाली की खरीदारी को लेकर लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन के अलावा मोबाइल समेत अन्य सामानों की खरीद लोगों ने करनी शुरू कर दी है। कुछ लोग धनतेरस पर फ्रिज, मोबाइल समेत अन्य सामान खरीदने के लिए



बुकिंग भी करा रहे हैं। दुकानों में सजे हुए उत्पाद अब ग्राहकों को लुभा रहे हैं। श्रीराम जेम्स एंड ज्वैलर्स के संचालक आशीष सोनी, अभिषेक सोनी ने बताया कि धनतेरस पर सोने-चांदी के सिक्कों में बने गणेश-लक्ष्मी की बिक्री होती है। इसको लेकर ग्राहकों की पसंद का भी ख्याल रखा गया है। तिरूमाला ज्वैलर्स के संचालक आशीष जायसवाल एवं रूपम ज्वैलर्स के संचालक सुनील सोनी ने बताया कि सोने चांदी की कीमतों में बढ़ोत्तरी के बावजूद कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है। बर्तनों की दुकानें भी तांबा, पीतल के छोटे-बड़े कलश से सजी हुई हैं। बर्तनों में भी कई वेरायटी हैं। तांबा एवं पीतल के अलावा स्टील के बर्तन भी छोटेबड़े आकार में लुभाते हुए नजर आने लगे हैं। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी अच्छी ग्राहकी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। लोगों को अब शाम होने का इंतजार है। शाम



होते ही बाजार में भीड़ बढ़ जाएगी और पैर रखने तक की जगह नहीं होगी।

लक्ष्मी-कुबेर पूजन का विशेष मुहूर्त

धनतेरस पर त्रयोदशी तिथि आज 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनिट से शुरू होकर 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 49 मिनिट तक रहेगी। लक्ष्मी-कुबेर पूजन के लिए शाम 6 बजकर 2 मिनिट से रात 7 बजकर 57 मिनिट तक का समय श्रेष्ठ रहेगा। यह अवधि वृषभ लग्न की भी है। स्थिर लग्न होने के कारण इसे पूजन के लिए विशेष शुभ माना जाता है। प्रदोष काल शाम पांत 49 मिनिट से रात 8 बजकर 23 मिनिट तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 48 मिनिट से दोपहर 12 बजकर 56 मिनिट तक रहेगा।

ढीमरखेड़ा पुलिस ने किया चोरी का खुलासा
घर से चोरी किए गए जेवरात भी बरामद





कटनी, यशभारत। ढीमरखेडा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा कर आरोपी को जेल भेजा है। थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने बताया कि ग्राम महगवां निवासी ऊषा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कराई कि किन्हीं अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर ड्रम में रखे पायल एवं डोरा को चुरा लिया था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान ग्राम महगवां के लोगों से पूछताछ की गई। जिसके बाद संदेही रामकरण यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी चांदी की पायल एवं एक चांदी का कमर का डोरा जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया ।

























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 29, बीएसएनएल ऑफिस के पास, द्वारका सिटी रोड, बरगवां, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीष तिवारी सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2025-27 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)